# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 132 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ राहुल को क्यों नहीं बोलने...
■ 'नो अदर लैंड', तब जाएं... 04
■ पाक में अपने नागरिकों की सुरक्षा...
■ उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन की... 09
■ खाने-पीने की वस्तु सस्ते होने के संकेत...
■ 31 मार्च तक खुले रहेंगे आयकर विभाग के... 11
■ भारत को एएफसी...
■ चोटिल लैंथम... 10

### आईपीएल में आज

TATA IPL

चेन्नई विरुद्ध
बेंगलूरू (चेन्नई)
7.30 शाम से

सार संक्षेप

## तमिलनाडु विधानसभा में वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले। स्टालिन ने कहा कि, 'केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं। वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा- संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोग को वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** अण्डा का ठेला लगाने वाले को जीएसटी विभाग ने 6 करोड़ का नोटिस थमा दिया।

**चुहिया- हां प्रिये-** गफलत ने गरीब को जबरन अरबपति बताकर जानलेवा मुसीबत खड़ी कर दी है।

### लखनऊ के पुनर्वास गृह में विषाक्त भोजन का कहर

# भोजन करते ही चार बच्चों की मौत

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के लखनऊ में पैरा क्षेत्र स्थित एक शासकीय पुनर्वास केंद्र में कथित तौर पर विषाक्त भोजन करने से चार बच्चों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य बीमार हो गए। बच्चों की मौत से पुनर्वास गृह में हड़कम्प मच गया, अधिकारियों ने अन्य बच्चों को लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल पहुंचाया। जहां पर बच्चों के इलाजं डाक्टरों की टीम जुट गई है। मृतकों में दो लड़कियां व दो लड़के सहित चार बच्चे मृत हुए है। इनकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है।

अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक पुनर्वास केंद्र से करीब 20 बच्चों को शाम अस्पताल में लाया गया। ये सभी बच्चे मानसिक रूप से कमजोर हैं। सभी प्रयासों के बावजूद दो बच्चों की मौत हो गई। डॉक्टर का कहना है कि गंभीर रूप से बीमार दो बच्चों को एक दूसरे सरकारी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है और शेष 16 बच्चों की हालत में सुधार हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती बच्चों के अलावा, शेष बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए एक मेडिकल टीम भी आश्रय गृह भेजी गई है। आश्रय गृह में करीब सात बच्चों को चिकित्सक की देखरेख में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रय गृह में बच्चों पर नजर रख रही है। इस घटना को लेकर लखनऊ के जिलाधिकारी ने एक कमेटी बनाई है और स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पीड़ित बच्चों से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुनर्वास केंद्र से जांच के लिए खाद्य नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवीक्षा अधिकारी विकास सिंह ने इस बात की पुष्टि की कि इस केंद्र में 147 बच्चे हैं जिनमें बेसहारा व मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे शामिल हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट में यह सामने आया है कि खिचड़ी व दही खाने के बाद बच्चे बीमार हुए है। प्रथम दृष्टया केंद्र की ओर से लापरवाही के कारण अनाथ बच्चों की दुखद मौत हुई। जबकि कई अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद स्थानीय अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा है कि गहन जांच चल रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ के जिला मजिस्ट्रेट ने कथित खाद्य विषाक्तता के कारण का पता लगाने के लिए एक समिति बनाई है। स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित बच्चों से पूछताछ करने के लिए अस्पताल का दौरा किया।



- लगभग 20 बच्चे हुए थे बीमार
- खिचड़ी व दही खाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ी
- मामले की जांच शुरू

# थाने में पिटाई से नाबालिग की मौत

*भाजपा-सपा नेताओं ने मिलकर किया विरोध प्रदर्शन, घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश*

***बस्ती।*** *उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पुलिस की बर्बरता ने एक और मासूम की जान ले ली। मामला दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव का है, जहां आदर्श उपाध्याय नाम के नाबालिग को पुलिस ने मारपीट के आरोप में उठाया। रातभर थाने में थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो पुलिस उसे घर छोड़कर भाग गई। बाद में खून की उल्टियां होने के बाद किशोर की मौत हो गई।*

*घटना के बाद भाजपा और सपा के नेता एकजुट होकर न्याय की मांग करने लगे। मृतक के परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार नहीं थे। भाजपा विधायक अजय सिंह, पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह, राज्य मंत्री महेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा और सपा के दो विधायक महेंद्र नाथ यादव और कविंद्र चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पोस्टमार्टम हाउस और डीएम आवास का घेराव किया। भाजपा कार्यकर्ताओं और सपा नेताओं के जुलूस और धरने के बाद प्रशासन बैकफुट पर आया। जिसके बाद थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को लाइन हाजिर किया गया। एक दरोगा और एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही घटना के मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए।*

### *दरोगा और सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया*

*घटना के बाद एसपी की चुप्पी पर सवाल उठे, क्योंकि उन्होंने घटनास्थल पर जाने की जरूरत तक नहीं समझी. नेताओं के दबाव के चलते 10 घंटे बाद कार्रवाई की गई. प्रशासन के इस ढीले रवैये से लोगों में आक्रोश है और मजिस्ट्रेट जांच के बाद और बड़े कदम उठाए जा सकते हैं।*

# मुख्यमंत्री आज श्रमिकों के खातों में डालेंगे 505 करोड़

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 मार्च को मंत्रालय में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 23 हजार 162 प्रकरणों में 505 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मंत्री एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।



मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

**गिग वर्कर्स भी योजना में शामिल**–नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारंभ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है। इससे वे केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं।

### जन्म से मृत्यु तक आर्थिक सहायता

संबल योजना में श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है वास्तविक अर्थों में यह श्रमिकों का संबल है। प्रदेश की यह योजना देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, अब उन्हें भी 5 लाख रुपये वार्षिक नि:शुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने योजना प्रारंभ होने के बाद 1 अप्रैल 2018 से अब तक 1 करोड़ 74 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया है। श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। श्रम विभाग योजनांतर्गत वर्तमान तक 06 लाख 58 हजार से अधिक प्रकरणों में 5 हजार 927 करोड़ रुपये से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं।

### जज कैश मामला

## जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने की मांग

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने के फैसले पर पुनर्विचार हो सकता है क्योंकि 6 हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरुवार को दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से मिले और तबादला पर विचार करने की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना से हम लोगों ने मुलाकात कर अपनी मांग रखी है।

उन्होंने कहा है कि जस्टिस वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की मांग पर विचार करेंगे। सदस्यों ने सीजेआई और कॉलेजियम को एक मेमोरेंडम दिया। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगी थी। इसके एक दिन बाद किसी ने उनके घर से सामान हटा दिया था। ऐसे मामलों में अन्य लोगों के शामिल होने और एफआईआर दर्ज नहीं होने से जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सीजेआई से इलाहाबाद, गुजरात, केरल, जबलपुर, कर्नाटक और लखनऊ हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दोपहर में मुलाकात की। इसके बाद वे कॉलेजियम के अन्य सदस्यों- जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस विक्रम नाथ से भी मुलाकात की।

- सीजेआई से मिले छह बार एसोसिएशन के पदाधिकारी
- एफआईआर न दर्ज होने पर सवाल उठाए
- चीफ जस्टिस खन्ना बोले, विचार करेंगे

### विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को घेरा

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुए गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन) विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता।

उन्होंने मोदी सरकार की राजकोषीय नीति को सराहना योग्य बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कम करने का इरादा अच्छा है लेकिन जब मई 2014 में इस सरकार ने सत्ता संभाली थी, तो राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत था जो 2018-19 में कम होकर 3.4 प्रतिशत पर आ गया लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर फिर से 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गया जिससे साफ पता चला है कि सरकार अर्थव्यवस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही है। हर सरकार को संकट का सामना करना पड़ता है। तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुये कहा कि पिछले दशक में आम लोगों की आय में वास्तव में कोई वृद्धि नहीं हुयी है। महंगाई चरम पर है। द्रमुक के एम मोहम्मद अब्दुला ने कहा कि इस सरकार की नीतियों से महंगाई , बेरोजगारी बढ़ रही है।

**राजकोषीय घाटा बढ़कर 4.8 फीसदी पर पहुंचा**

## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा।

### ओम बिरला से मिले विपक्षी गठबंधन के नेता, कहा-

## विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।

गौरव गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवसेना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।

## सिंगरौली में भूकंप के झटके

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप शाम करीब 3.57 बजे आया और इसकी गहराई 10 किलोमीटर के आसपास थी। भूकंप के झटके के बाद लोग डर से घरों से बाहर निकल आए।

इससे पहले जनवरी महीने में सिंगरौली जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। आज अरुणाचल प्रदेश में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। यहां इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 थी। गुरुवार (27 मार्च) को पड़ोसी देश अफगानिस्तान में 5.2 और 4.6 तीव्रता के भूकंप आए।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**गफलत** *दिल्ली में रजिस्टर्ड कंपनी बताकर दिखाया टैक्स बकाया*

# अंडे के ठेले वाले को जीएसटी विभाग से 6 करोड़ का नोटिस

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में अंडे का ठेला लगाने वाले प्रिंस सुमन को 6 करोड़ रुपए के जीएसटी भुगतान का नोटिस मिला है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग के नोटिस में प्रिंस को दिल्ली में खुली कंपनी का मालिक बताया गया है। इस कंपनी के नाम पर करीब 50 करोड़ का कारोबार दर्ज है।

नोटिस मिलने के बाद प्रिंस ही नहीं, पूरा परिवार परेशान है। उन्होंने मामले की शिकायत आयकर विभाग और एसपी से की है। अधिकारियों ने जांच कराने की बात कही है।

दिल्ली में कंपनी बनी, 2022-23 का टैक्स बकाया दमोह में पथरिया के वार्ड नंबर 14 में रहने वाला प्रिंस ठेला लगाकर अंडे बेचने का काम करता है। बीती 18 मार्च को उसके नाम से घर पर एक रजिस्टर्ड डाक आई। इसमें इनकम टैक्स विभाग का नोटिस निकला। इस नोटिस में लिखा है कि साल 2022 में प्रिंस इंटरप्राइजेज नाम से दिल्ली के स्टेट जोन 3 (वार्ड 33) में एक फर्म संचालित की गई। इस कंपनी ने 2022-23 में करीब 50 करोड़ रुपए के चमड़ा, लकड़ी और आयरन का कारोबार किया। लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया। कंपनी पर करीब 6 करोड़ की जीएसटी का भुगतान बकाया है।



नोटिस में प्रिंस से बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं। प्रिंस अपने परिवार के साथ दमोह के पथरिया में रहता है। उसके नाम पर दिल्ली में कंपनी रजिस्टर्ड दिखाई गई है। प्रिंस अपने परिवार के साथ दमोह के पथरिया में रहता है। उसके नाम पर दिल्ली में कंपनी रजिस्टर्ड दिखाई गई है। **वकील बोले- नोटिस असली, आयकर विभाग को पत्र भेजा-** नोटिस मिलने के बाद प्रिंस ने एडवोकेट अभिलाष खरे से संपर्क किया तो पता चला कि नोटिस असली है। अब पूरा परिवार हैरान है कि जब प्रिंस कभी दिल्ली गया ही नहीं तो उसके नाम पर इतनी बड़ी कंपनी कैसे खुल गई। वहीं, एडवोकेट अभिलाष खरे ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद हमने आयकर विभाग को लेटर भेजा है। पुलिस से भी शिकायत की है।

किसी को नहीं दिया पैन और आधार कार्ड प्रिंस ने बताया कि वह 2023 में मजदूरी करने के लिए इंदौर गया था। वहां उसने करीब 1 साल काम किया। इस दौरान अपना पैन और आधार कार्ड किसी को भी नहीं दिया। फिलहाल पथरिया में अंडे का ठेला लगाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहा है। पिता श्रीधर सुमन छोटी किराना दुकान चलाते हैं। पिता श्रीधर सुमन ने बताया कि यदि न्याय नहीं मिला तो परिवार के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## ईडी ने बिहार में आठ लोगों के ठिकानों पर मारा छापा

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजीव हंस से जुड़े धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में बिहार भवन निर्माण विभाग के अभियंता समेत आठ लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि छापेमारी गुरुवार सुबह भवन निर्माण विभाग के अभियंता के पटना स्थित आवास पर शुरू हुई। इस दौरान अभियंता के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए। सूत्रों ने बताया कि जेल में बंद आईएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी की गई है।

## कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या की जमानत अर्जी खारिज

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इनकार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को अरेस्ट किया। यह तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है।

# कठुआ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर

## मुठभेड़ में 5 सुरक्षाकर्मी घायल, तीन की हालत नाजुकद्व डीएसपी रैंक का अधिकारी भी शामिल

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में भीषण मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए और पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं। घायलों में से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

इनमें एक डीएसपी रैंक का अधिकारी भी शामिल है। सुरक्षा बलों ने करीब पांच आतंकवादियों के घुसपैठिए समूह को बेअसर करने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह वही समूह था जो कठुआ क्षेत्र के सान्याल जंगल में पहले की घेराबंदी से बचकर भाग रहा था या फिर हाल ही में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का कोई और समूह था।

दरअसल कठुआ के जुथाना इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुबह एक डीएसपी अधिकारी और चार जवान घायल हो गए थे। बताया गया कि हीरानगर से चार दिन पहले भागे आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान के करीब पहुंचे, उन पर भारी गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान एसडीपीओ बार्डर डीएसपी धीरज कटोच और चार जवान घायल हो गए।

**जैश मुहम्मद संगठन से जुड़े** -सूत्रों ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए मेडिकल सुविधा में ले जाया गया। चार दिन पहले हीरानगर के सन्याल गांव से जो चार से पांच आतंकी मुठभेड़ के बाद बाद निकले थे उनके साथ आज सुबह ही सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हुई थी। वे सभी कठुआ जिले के जुथाना गांव में छिपे हुए मिले थे। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है।

वे जुथाना के ऊपरी इलाकों में आतंकी छिपे हुए थे, जहां सर्च आपरेशन के जरिए सुरक्षाबलों ने कार्रवाई की है। ये आतंकवादी जैशे मुहम्मद संगठन से जुड़े हुए बताए गए हैं। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच जबरदस्त गोलीबारी की सूचना है।

## सेना के लिए 2500 करोड़ में खरीदे जाएंगे वाहन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के टैंकों की क्षमता बढ़ाने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से पांच हजार हल्के वाहनों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार नाग मिसाइल सिस्टम ट्रैक्ड वर्जन एंटी-टैंक हथियार प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए यह अनुबंध आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड, फोर्स मोटर्स लिमिटेड और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ किया गया है। यह खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जाएगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। यह खरीद मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री की टैंक रोधी क्षमता के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे विभिन्न अभियानों में भारतीय सेना की संचालन तत्परता बढ़ेगी। नाग मिसाइल प्रणाली दुश्मन के कवच के खिलाफ सबसे परिष्कृत टैंक रोधी हथियार प्रणाली में से एक है, जिसमें फायर-एंड-फॉरगेट एंटी-टैंक मिसाइल और दृष्टि प्रणाली है जो अधिक मारक क्षमता प्रदान करती है। यह हथियार प्रणाली मशीनीकृत संचालन को बदलने और विरोधी के खिलाफ परिचालन लाभ प्रदान करने के लिए तैयार है।

**रक्षा सचिव की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए**

## भारत में संपत्ति बढ़ाने के मामले में शीर्ष पर अडाणी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी संपत्ति बढ़ाने में देश के सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में दी गई।

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में गौतम अडाणी की कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत या एक लाख करोड़ रुपए बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इससे अडाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष 10 अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये कम होकर 8.6 लाख करोड़ रुपए रह गई है। इसकी वजह उनकी कंपनियों पर बढ़ता हुआ कर्ज है। हालांकि, संपत्ति में कमी के बाद भी मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं।

**एलन मस्क दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति**

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में 62 वर्षीय गौतम अडाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और वैश्विक स्तर पर 18वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक कमोडिटी ट्रेडर के रूप में की थी और फिलहाल वह रिन्यूएबल एनर्जी, पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, माइनिंग, पावर जनरेशन, मीडिया और सीमेंट सेक्टर में कारोबार करने वाले अडाणी ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस लिस्ट में एचसीएल टेक की रोशनी नादर 3.5 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला हैं। इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला उद्यमी हैं, जिन्होंने दुनिया की शीर्ष 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाई है।

सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के दिलीप सांघवी 2.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी 2.2 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उनके बाद आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड के साइरस एस पूनावाला हैं, जिनकी संपत्ति 2 लाख करोड़ रुपए है।

बजाज इंडिया के नीरव बजाज (1.6 लाख करोड़ रुपए) आठवें स्थान पर हैं, इसके बाद आरजे कॉर्प के रवि जयपुरिया और डी-मार्ट के मालिक राधाकिशन दमानी हैं, जिनकी संपत्ति 1.4 लाख करोड़ रुपये है।

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में कुल 71 देशों के 3,442 अरबपतियों को शामिल किया गया है, जो पिछले साल में 3,278 अरबपतियों की तुलना में अधिक है। अरबपतियों की संख्या में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनकी कुल संपत्ति में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं, उन्होंने पांच साल की अवधि में चौथी बार शीर्ष स्थान हासिल किया है।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत होकर आमजनता को यह सुचित करता हूं कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा सुरेन्द्र कुमार आ. विमलचंद जैन को अचल सम्पति जो कि मौजा करमेता नं.बं. 497 प.ह.नं. 26, रानिम जबलपुर-1, खसरा क्रमांक 424/12 का भाग कुल प्लाट क्षेत्रफल 270 वर्गफुट तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल सम्पत्ति को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है सम्पति पर वर्तमान मालिक व काबिज श्रीमति आशा ठाकुर है जिन्होंने उक्त वर्णित सम्पति रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 1.11.2023 क्रमांक एम.पी. 182552023 ए 1252689 के व्दारा विक्रेता श्रीमति प्रीति साहू से क्रय किया गया था। यह कि उक्त वर्णित सम्पति से सबंधित मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 14.8.2011 दस्तावेज 1685 जो कि जुगल किशोर विश्वकर्मा के नाम पर है तथा जुगल किशोर विश्वकर्मा ने सम्पति को श्रीमति राधा बाई चौधरी से क्रय किया था, उक्त वर्णित मूल लिंक विक्रयपत्र दिनांक 14.8.2011 दस्तावेज 1685 कहीं गुम हो चुका है जिसकी विधिवत सूचना सबंधित थाने में दी जा चुकी है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त लिंक रजिस्ट्री प्राप्त होती है तो उक्त रजिस्ट्री की सूचना मुझ अधिवक्ता को प्रदान की जावे या मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त लिंक रजिस्ट्री वापिस कर दी जावे। एवं प्रस्तावित क्रेता के द्वारा तथा प्रस्तावित विक्रेता व्दारा उक्त रजिस्ट्री का किसी भी प्रकार से कोई दुरुपयोग, बंधक, व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय विभाग, आदि के समक्ष गिरवी या बंधक नहीं रखी है। एवं मेरा पक्षकार एवं विक्रेता उक्त संपत्ति की द्वितीय प्रति रजिस्टार कार्यालय जबलपुर से निकालने के लिये सक्षम है आम जनता को सूचित किया जाता तो उक्त भूमि कि मूल रजिस्ट्री मुझे प्रदान करने का कष्ट करें। 07 दिवस की अवधि के पश्चात सम्पति का क्रय विक्रय तथा बंधक रखने की कार्यवाही सम्पन्न हो जावेगी कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

जबलपुर, दिनांक: - 24/03/2025

**हर्षित पटेल (अधिवक्ता)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**का./नि.-1790 जे.ई.एस. स्कूल के बाजू में न्यू शोभापुर कालोनी व्हीएफजे रोड जबलपुर,**
**मो.-9893333246**

र.नं. 3551

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 1970/अ-6/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परवीन बानो अंसारी पति स्व. मुस्ताक अहमद, मोह. इख्तिखार अहमद, नाजनीन बानो अंसारी, यासमीन बानो, मुस्ताकीम अहमद सभी के पिता स्व. मुस्ताक अहमद निवासी मदरसा गौसिया ठक्कर ग्राम जबलपुर द्वारा मौजा बैतला प.ह.न. 01 खसरा नं. 126/1 रकबा 6340 वर्गफुट में आवेदकगणों पति/ पिता स्व. मुस्ताक अहमद का नाम दर्ज है। आवेदक गणों के पति/पिता स्व. मुस्ताक अहमद की मृत्यु दिनांक 11/06/2024 को हो जाने के उपरांत वारसान हक में आवेदकगणों के द्वारा फौती नामांतरण हेतु पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 28.03.25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5.3.25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक : 05/03/25
पेशी दिनांक : 28/03/25

र.नं.- 3533

नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

### पश्चिम मध्य रेल
**सामग्री प्रबंधन विभाग**

(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या वरि.मं.सा.प्र./ईपीएस/66/2025)

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 94245423 | Joint less Grooved Hard drawn copper contact wire 107 sq.mm | 6.5 MT, 0.09 MT | 24-APR-2025 |

*वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

### कार्यालय प्राचार्य शासकीय सी.एम.राईज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डम जिला जबलपुर (म.प्र.)

डाइस कोड 23390808304 दिनाँक 27/03/2025
संस्था कोड 711163

GMAIL-govtcmrisemodelkundam@gmail.com

शासकीय सी.एम.राईज मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुण्डम में संचालित 100 सीटर मॉडल बालक/बालिका छात्रावास में राशन आपूर्ति खाद्यान्य सामग्री एंव सब्जी व दूध के कय हेतु खुली निविदा आंमत्रित की जाती हैं। यह निविदा सत्र 2025-2026 के लिए मान्य होगी निविदाकर्ता दिनांक 15/04/2025 को समय 12 बजे से खाद्यान्य सामग्री एंव सब्जी व दूध का कोटेशन लेकर स्वंय उपस्थित होवें। निश्चित दिनांक एंव समय पर कोटेशन प्राप्त न होने की स्थिति में आपका कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

प्राचार्य शासकीय सी.एम. राईज
मॉडल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय
कुंडम जबलपुर

### FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

### OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961.

**RC/495/2024** **12-02-2025**

**BANK OF INDIA**
**Versus**
**M/S REAL COMPUTERS**

To, **(CD 1) M/S REAL COMPUTERS,** 272/2, OPP. NAVIN VIDYA BHAWAN, NAPIER TOWN, JABALPUR (M.P.)- 482002

**(CD 2) SHRI JAI KUMAR PARWANI S/O SHRI KANHAIYALAL PARWANI,** 272/2, OPP. NAVIN VIDYA BHAWAN, NAPIER TOWN, JABALPUR (M.P.)

**(CD 3) SMT. ANITA PARWANI W/O SHRI JAI KUMAR PARWANI** H.NO. 8, WARD NO. 12, KHOTOALA BAZAR, SIHORA, JABALPUR (M.P.)

**(CD 4) SHRI SHAILENDRA GUPTA S/O SHRI YOGESH GUPTA,** H.NO. 13, NARENDRA NAGAR, POLYPATHAR, GWARIGHAT ROAD, JABALPUR (M.P.)

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR in **OA/287/2020** an amount of **Rs. 2740622.23 (Rupees Twenty Seven Lakhs Forty Thousands Six Hundred Twenty Two And Paise Twenty Three Only)** along with pendentellite and future interest @ 12 % Simple Interest Yearly w.e.f. **19/03/2020** till realization and costs of **Rs. 30000 (Rupees Thirty Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally / Fully / Limited).

(2) You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

(3) You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

(4) You are hereby ordered to appear before the undersigned on **03/04/2025** at 10.30 am for further proceedings.

(5) In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All cost, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceeding taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **12/02/2025.**

Seal

**Recovery Officer**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur (M.P.)**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/174/वाहन विभाग/2024-25 कटनी, दिनांक 10-3-2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ट्रेव्हल्स ऐजेंट/गाड़ी मालिकों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत, शर्तें आदि वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025-UAD-410336-1 | 02 नग इनोवा क्रिस्टा | 1. 365 दिवस 2. रू. 13,20,000 | 1. रू. 2000 2. रू. 10,000 | 21-04-25 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

N.I.T. No./ PWD-16/PRO No. 685 **// निविदा सूचना //** Dated - 27/3/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://mptender.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | T.ID-2025_UAD_412642-1 DATE- 01/04/25 | संभाग क्र. 16 शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड अंर्तगत हाजी मसाले से शफीक राशन वाले तक एम-30 सी सी रोड निर्माण कार्य। (अन्य मद) | 02 माह 12.04 लाख | 2,000/- 9123/- | 30/04/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद् अनूपपुर, जिला-अनूपपुर (म. प्र.)

Email- cmoanuppur@mpurban.gov.in

क्र./640/न.पा./2025 अनूपपुर, दिनांक -26.08.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_410414_1 19/03/2025 | Interception And Diversion of Nallahs with STP works Project of Anuppur town under SBM 2.0 TENDER DOCUMENT FOR INTERCEPTION AND DIVERSION WORK FOR TAPPING NALLAH AND SETUP SEWAGE TREATMENT PLANTFORUSED WATER MANAGEMENT FOR ANUPPUR TOWN | 12 Month 4,82,53,000.00 | 15000 2,41,265 | 21/04/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद अनूपपुर, जिला- अनूपपुर म.प्र.**

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)
### फोन नं. 07632-241099

क्रमांक/2372/ निविदा सूचना / एनएचएम / बालाघाट दिनांक 24/03/2015

**विज्ञप्ति**

बालाघाट जिले के तहसील बैहर अन्तर्गत सिविल अस्पताल बैहर परिसर में निम्न सूची अनुसार कंडम आवास का ध्वस्तीकरण सामग्री (दरवाजे खिड़की, लोहा, ईंट इत्यादि) की खुली नीलामी निम्नानुसार स्थान एवं दिनाक का दोपहर 3.00 बजे से की जावेगी।

| क्रमांक | नीलामी स्थल | कंडम आवास गृहों का स्थान | ऑफसेट मूल्य | नीलामी दिनांक एवं समय | संपर्क दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाई चौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सिविल अस्पताल बैहर अस्पताल परिसर | 9975.00 | 03.04.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |

कंडम आवासगृहों का निरीक्षण निविदाकार द्वारा नीलामी की तिथि के पूर्व स्वयं कर आवश्यक होने पर संबंधित अस्पताल के प्रभारी के प्रभारी, एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

नीलामी मे भाग लेने हेतु इस कार्यालय से आवेदन फार्म रूपये 500/- पाँच सौ रूपये मात्र नगद शुल्क जमा कर नीलामी सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक 02.04.2025. के दोपहर 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। एवं आवेदन फार्म पूर्ण भरकर दिनांक 03.04.2025 के दोपहर 1.00 बजे तक जमा कर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा। आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद अनिवार्यत: प्राप्त करें।

निविदा की विस्तृत शर्तें आवेदन फार्म के साथ देखी जा सकती है। अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

G-24819/24

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालाघाट**

### कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक / 9787/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनाक: 25/03 /2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कार्य का नाम | | कार्य | निविदा प्रपत्र | | निविदा की | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | ईएमडी | अंतिम तिथि |
| 1 | 411314 | 22-03-2025 | AI Camera Based advanced Monitoring Analytics and Surveillance | 6 Months | 4,15,00,000 | 15,000 | 4,15,000 | 10/04/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**Executive Engineer**
**Muncipal Corporation Singrauli**

### नाम सुधार

मैं जगजीत सिंह मठारू आत्मज श्री अवतार सिंह मठारू, निवासी- म.नं. 794, हाथीताल, एमआईजी-1, गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर म.प्र. का मूल निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम जगजीत सिंह मठारू एवं मेरे पिता का नाम अवतार सिंह मठारू नाम दर्ज है, जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम जगजीत सिंह एवं मेरे पिता का नाम अवतार सिंह त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अत: मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम जगजीत सिंह मठारू (JAGJEET SINGH MATHARU) एवं मेरे पिता का नाम अवतार सिंह मठारू (AVTAR SINGH MATHARU) को दर्ज कर पासपोर्ट की समस्त कार्यवाही को पूर्ण किया जावें। एवं यह कि मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम व पिता का नाम लिखा-पढ़ा व जाना पहचाना जावें।

**सही नाम- जगजीत सिंह मठारू**
**गल्त नाम- जगजीत सिंह**

PARWATI

### In The Court of XXII Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
**किशन देव सिंह पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(MJC/0000622/2024)**

नितिन जायसवाल ............वादी
Vs
योगेश राव .........प्रतिवादी

**Process Id**-/2025
पेशी दिनांक:-06/05/2025

प्रेषिती- (1) योगेश राव पिता स्व. शंकर राव पता- ब्राहमन मोहल्ला, पिसनहारी रोड कोरी मोहल्ला पुरवा जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी नितिन जायसवाल ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 9 नियम 9 सहपठित धारा 151 सी.पी.सी. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(किशन देव सिंह पटेल)**
**22वें व्यवहार न्यायाधीश, (कनिष्ठ खण्ड)**
**जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 3534

### In The Court of VI Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
**विपिन सिंह भदौरिया**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(MJC GW/0000023/2025)**

आशुतोष महेरे ............वादी
Vs
आम जनता .........प्रतिवादी

**Process Id**-/2025
पेशी दि.:-08/05/2025

प्रेषिती- (1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी आशुतोष महेरे ने आपके विरूद्ध एम जे सी जी डब्ल्यू। दावा अंतर्गत धारा 8 संरक्षक और प्रतिमाल्य अधिनियम 1890 । के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा अंतर्गत धारा 8 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(विपिन सिंह भदौरिया)**
कृति **जिला न्यायाधीश, (षष्टम), जबलपुर (म.प्र.)**

# देश-प्रदेश

उवाच

## हमारी भाजपा और आरएसएस दोनों से लड़ाई : खड़गे



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यों में चुनाव जीतने के लिए दीर्घकालिक रणनीति के साथ एकजुट होकर काम करने के वास्ते पार्टी की जिला इकाई प्रमुखों का बृहस्पतिवार को आह्वान किया और कहा कि संगठन की विचारधारा मजबूत है, लेकिन इसे सत्ता के बिना देश में लागू नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह जारी है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'हमें इस लड़ाई को सड़कों पर ले जाना चाहिए।' जिला अध्यक्षों की भूमिका के महत्व पर जोर देते हुए खड़गे ने कहा कि- वे सिर्फ दूत नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के सेनापति हैं, जो जमीन पर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टरों को जारी किये दिशा-निर्देश

## स्कूल चलें हम अभियान 1 से 4 अप्रैल तक

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान प्रदेश में एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जा रही है। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे

## स्व. मायाराम सुरजन की जयंती कल, पराग मांदले की पुस्तक 'गांधी के बहाने' पर होगी चर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** पत्रकारिता और साहित्य के प्रकाश स्तम्भ रहे स्व.मायाराम सुरजन की 102 वीं जयंती पर 29 मार्च को शाम 5.00 बजे मायाराम सुरजन फाउंडेशन द्वारा युवा कथाकार एवं चिंतक पराग मांदले की पुस्तक 'गांधी के बहाने' पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। समाज चिंतक एवं पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी, जबकि गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया मुख्य अतिथि होंगे। सुपरिचित लेखक, गांधी विचारक एवं समाजसेवी अरुण डनायक तथा सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वोदय समाज के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार द्विवेदी पुस्तक पर अपने विचार रखेंगे। मायाराम सुरजन स्मृति भवन में होने जा रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ युवा सरोद वादक आमिर ख़ान की प्रस्तुति से होगा और युवा कथाकार डॉ श्रद्धा श्रीवास्तव कार्यक्रम का संचालन करेंगी।

30 मार्च से प्रारंभ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान, मुख्यमंत्री उज्जैन के क्षिप्रा तट से करेंगे शुरुआत

# प्रधानमंत्री का जल संरक्षण अभियान अब मध्यप्रदेश में बनेगा जन आंदोलन : डॉ. यादव

- तैयार किए जाएंगे एक लाख जलदूत
- 3 माह लगातार चलेगा अभियान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन' महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। डॉ. यादव उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का विधिवत शुभारंभ करेंगे। 30 जून से शुरू हुआ यह अभियान 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे।

अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जल संरक्षण अभियान अब मध्यप्रदेश में जन आंदोलन बनेगा। डॉ. यादव ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान', प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग एवं प्राधिकरण साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम 'जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण' रखी गई है।

राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा-

## प्रदेश में इसरो के केंद्र के लिए होंगे प्रयास

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान का उपयोग बढ़ाया जाएगा। प्रदेश को टेक्नालॉजी और इनोवेशन हब बनाया जाएगा। हाल ही में इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट अर्थात स्पैडेक्स सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग करते हुए इतिहास रच दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि वैज्ञानिक समाज और विज्ञान प्रौद्योगिकी से जुड़े संस्थानों के सहयोग से मध्यप्रदेश में इसरो की तरह एक केंद्र के विकास पर भी विचार किया जाएगा। वर्तमान में दक्षिण भारत ही ऐसी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। उत्तर और मध्य भारत में इस तरह के केंद्र का अभाव है।

डॉ. यादव ने गुरूवार को उज्जैन में हो रहे राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन/ विज्ञान उत्सव और चालीसवें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का समत्व भवन से वर्चुअल रूप से शुभारंभ करते हुए यह बात कही। यह सम्मेलन कालिदास अकादमी परिसर उज्जैन में हो रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में भी विज्ञान का प्रयोग बढ़ रहा है। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग हो रहा है। प्रदेश में ड्रोन के माध्यम से राजस्व के क्षेत्र में भी नक्शे बनाने की शुरूआत की गई है। रायसेन से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण का पायलेट प्रोजेक्ट शुरू हुआ। प्रदेश के अन्य शहरों में भी जमीन,भूखण्ड और बस्तियों का डिजिटल नक्शा बनाने की पहल हुई है।

झाबुआ में विवाह व निकाह सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद, कहा-

# 2 हजार से अधिक सामूहिक विवाह में शामिल होना अदभुत अनुभव



- 11 जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से कन्यादान राशि के चेक किये भेंट
- राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई के लिए बनाएंगे बैराज

**झाबुआ, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। डॉ. यादव झाबुआ में सामुहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झाबुआ में एक साथ लगभग 2 हजार जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। डॉ. यादव ने सम्मेलन में 11 जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी वर्गों का विकास समाहित है। डॉ. यादव ने कहा कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के सशक्तिकरण के लिए राशि प्रदान की जा रही है। किसानों का गेहूं 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित किया जा रहा है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जा रहे हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप प्रदाय किए जा रहे हैं। प्रतिमाह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश में बेटियों को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

### झाबुआ में खुलेगा मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबंद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह कॉलेज शुरू होगा और इसका भूमिपूजन करने में जल्द ही आऊंगा। इसके साथ ही डॉ. यादव ने राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला, कल्लीपुरा और मेघनगर क्षेत्र में 332 लाख रुपए की लागत से जल्द बैराज बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि झाबुआ के विकास के लिए सभी कार्य किए जाएंगे।

कार्यक्रम में डॉ. यादव का मंत्री सुश्री भूरिया ने जनजातीय जैकेट 'झूलड़ी' पहनाकर, साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर स्वागत किया। यहां डॉ. यादव विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग डॉ. कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने महर्षि पतंजलि संस्थान के कैलेण्डर का किया विमोचन



**भोपाल, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को मंत्रालय में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। कैलेण्डर में इस वर्ष की थीम भारतीय कालगणना को रखा गया है। इसके अंतर्गत माहवार काल की अवधारणा, कालमायन की इकाइयाँ. हिन्दी तिथियों का वैज्ञानिक आधार, सप्ताह, माह और वर्ष की अवधारणा को स्थान दिया गया है। यह जानकारी भारतीय कालगणना की समझ के लिये अत्यंत उपयोगी रहेगी। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के निदेशक प्रभात राज तिवारी ने बताया कि अभी हमारे जितने केलेण्डर हैं, विक्रम संवत, ईसवी संवत, हिजरी संवत, कोई भी 2500 साल से पुराना नहीं है परंतु हमारा प्राचीन केलेण्डर भारतीय सभ्यता के अनुसार लाखों वर्ष पुराना है। इस कैलेण्डर में राज्य शासन के द्वारा घोषित समस्त शासकीय अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश को भी दर्शाया गया है, जिससे यह केलेण्डर बहुत उपयोगी बन गया है। इस केलेण्डर में तिथियों का परिवर्तन का समय भी दर्शाया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति यह निर्णय कर सकता है कि कौन सा त्यौहार कब से कब तक रहेगा। कैलेण्डर संबंधी विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.mpssbhopal.org पर उपलब्ध है।

इंदौर में निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन की प्रगति की समीक्षा की

## समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाये



**भोपाल, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को भोपाल में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इंदौर में निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन की प्रगति की समीक्षा की और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के लिये सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख अभियंता भवन एस.आर. बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंदौर जिला न्यायालय भवन का निर्माण हमारे लिए उच्च प्राथमिकता पर है। उन्होंने निर्देश दिए कि तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए रोज़ तीन शिफ्टों में कार्य किया जाएगा। इसकी सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की जाएगी। प्रमुख अभियंता (भवन) मासिक आधार पर एवं इंदौर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता साप्ताहिक आधार पर प्रगति की समीक्षा करेंगे।

मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इस परियोजना के लिए नियुक्त एसडीओ और सब-इंजीनियर पूर्णकालिक रूप से केवल इसी परियोजना पर कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की विलंब अथवा निर्माण कार्य में अवरोध की स्थिति ना बने, इसके लिए पहले से आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जाएंगी।

मंत्री श्री सिंह ने कहा की निर्माण स्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, जिससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का समुचित परीक्षण किया जा सके।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नन्हीबाई चौकसे पति स्व. श्री रामकृपाल चौकसे ने वार्ड क्रमांक- 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 2670 ध-4 भीटा गौरी होटल के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000390208 एवं 46002126 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा... वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 500 व.फु. सीमेंट शीट 200 व.फु. आरसीसी व्यवसायिक स्वयं 144 वर्गफुट प्रथम तल .... द्वितीय तल ... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रामकृपाल चौकसे पिता श्री नारायण प्रसाद चौकसे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3553

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 27.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश त्रिपाठी पिता श्री सीताराम त्रिपाठी ने वार्ड क्रमांक- 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन खसरा नं. 304 पी.एच.एन.- ।। टेमरभीटा सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000388157 एवं 46900594 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा... वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 10000 व.फु. प्रथम तल 2000 वर्गफुट आरसीसी द्वितीय तल ... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज सुहास दयाल पिता स्व. सैमुयल दयाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 3553

**आम सूचना**
मैं अनुराधा कोल पति श्री सूरज कोल निवासी- वार्ड नं. 15 खितौला तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम अनुराधा कोल अंकित है। त्रुटिवश आधार कार्ड में उप नाम रितु कोल अंकित हो गया है। मेरा नाम अनुराधा कोल पति सूरज कोल समस्त शासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में लिखा एवं पढ़ा जावे।
सही नाम- अनुराधा कोल
कृति पति सूरज कोल
निवासी- वार्ड नं. 15, खितौला, तहसील, सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**CHANGE OF NAME/DOB**
I, Army No. 15710258A, Rank- LNK, Name VINOTH KUMAR G presently residing at Village-THOKKIYAM, Post-KANDILI, Teh- TIRUPATHUR, Distt. VELLORE,State- TAMIL NADAU, PIN-635901 do hereby solemnly affirm and declare that my Mother named and Date of Birth is VIDHYA & 01-07-1969 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and Date of Birth Mother is VITHYA GUNASEKARAN & 21-03-1972 as per her Aadhar Card an dother documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 35AA58056 Dated27/03/25 before Notary, Jabalpur M.P
INCORRECT NAME & DOB - VIDHYA & 01-07-1969
CORRECT NAME/DOB- VITHYA GUNASEKARAN & 21-03-1972
र.नं. 3550


देश में करोड़पति सांसदों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी

# कुल सांसदों में 92 प्रतिशत से ज्यादा करोड़पति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश में करोड़पति सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले बीस साल के दौरान देश की संसद में करोड़पति सांसदों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 साल में देश में करोड़पति सांसदों की संख्या 153 से बढ़कर साल 2024 में 504 पहुंच गई है।

एडीआर की तरफ से विश्लेषण किए गए आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में कुल सांसदों में 92.8 फीसदी सांसद करोड़पति हैं। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले 504 सांसद करोड़पति थे। यह संख्या पिछले साल के 479 के मुकाबले 29 अधिक थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की संख्या कुल सांसदों का 88.4 फीसदी थी। आंकड़ों को देखें तो 2004 से लेकर 2024 तक संसद में करोड़पति सांसदों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

**2004 में 29 फीसदी सांसद थे करोड़पति**-साल 2024 में सांसदों की संपत्ति के विश्लेषण के अनुसार कुल 153 सांसद ही करोड़पति थे। वहीं, इसके बाद 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में करोड़पति सांसदों की संख्या 153 से बढ़कर 312 हो गई। इस तरह करोड़पति सांसदों में 29.8 फीसदी वाली हिस्सेदारी बढ़कर 57 फीसदी तक पहुंच गई। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इस चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की हिस्सेदारी 57 से बढ़कर 81.9 फीसदी पहुंच गई।


**नाम सुधार**
मैं अजय कुमार शुक्ला उम्र 47 वर्ष पिता नागेश्वर प्रसाद शुक्ला निवासी प्लाट नं.-9 सांई टेंट हाऊस के पास, जय प्रकाश नगर अधारताल जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम कायरा शुक्ला दर्ज है, जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम केशवी शुक्ला (KESHVI SHUKLA) दर्ज है। यह कि कायरा शुक्ला एवं केशवी शुक्ला उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री याने एक ही बालिका के नाम हैं। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज उसका नाम कायरा शुक्ला के स्थान पर उसके जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर केशवी शुक्ला (KESHVI SHUKLA)दर्ज किया जाये।
जबलपुर, दिनांक 27/03/2025
गलत नाम- कायरा शुक्ला
सही नाम- केशवी शुक्ला (KESHVI SHUKLA)
र.नं.- 3531

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 26/03/2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रोशनी परिहार पति स्व. जितेन्द्र सिंह परिहार निवासी 1038 न्यू ग्रीन सिटी, माढ़ोताल जिला जबलपुर के द्वारा मौजा माढ़ोताल नजूल ब्लाक... प्लॉट नं. ... स्थित भूमि खसरा नं. 108/3/5 में से रकवा 400 वर्गफुट भूमि पर स्व. जितेन्द्र सिंह परिहार (पति) की मृत्यु दिनांक 07.10.2024 को हो जाने के कारण वर्ततान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक.... तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 26/03/25
पेशी दिनांक : 04/04/25
नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं.- 3549

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 3192/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 20/02/2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कृष्णा दौशे स्व. गोविन्द राव पति स्व. सुरेश चन्द्र हौशे निवासी एलआईजी सी- 3/6 ऋषि नगर उज्जैन के द्वारा मौजा .....नजूल ब्लाक 4 प्लॉट नं. 59/2 स्थित भूमि खसरा नं. 376 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में .... के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 27/3/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 27/03/25
पेशी दिनांक : 11/04/25
तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं.- 3529

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 2363/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 26/03/2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तृप्ति अग्रवाल पिता स्व. मुन्नीलाल अग्रवाल निवासी गौशाला चौक दिलबाग काम्पलेक्स तुलसी नगर सतना के द्वारा मौजा.... नजूल ब्लाक 35 प्लॉट नं. 34/2 स्थित भूमि खसरा नं. 39/2 में से रकवा 1138 वर्गफुट भूमि पर स्व. मुन्नीलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 20/09/1997 को हो जाने के कारण वर्ततान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 04/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 26/03/25
पेशी दिनांक : 04/04/25
नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं.- 3531

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी - जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/2254/अ-6/2024-25
**इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया है कि आवेदक श्री प्यारेलाल पिता शिवप्रसाद उर्फ सेवाराम निवासी 1055 माण्डल टाउन बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 23 न.ब. 50 खसरा नंबर 147 रकवा 1000 वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज केये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया गया।
जारी दिनांक- 24/03/2025
पेशी दिनांक- 7/4/2025
अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर
र.नं. 3530

**आम सूचना**
मैं अपनी पक्षकारा श्रीमति भाना पासी उम्र लगभग 80 वर्ष पति श्री रघुवीर पासी निवासी- मकान नंबर 1159 गली नंबर 1 होली चौक, सदर केंट जबलपुर म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर घोषणा करता हूँ कि मेरी पक्षकारा की स्वअर्जित चल एवं अचल संपत्ति जो मकान नंबर 1159 गली नंबर 1 होली चौक, सदर केंट जबलपुर में स्थित है जिसका रकवा लगभग 500 वर्गफुट है जो 3 मंजिला बना हुआ है वह मेरी पक्षकारा की स्वयं की अर्जित संपत्ति है जिसे मेरी पक्षकारा संपूर्ण होशो हवास से अपने बड़े पुत्र रोशन पासी पुत्रवधु अनीता पासी, पौता राजन पासी, पौती-प्रिया पासी को उनकी परिवार विरोधी गतिविधियों एवं माता-पिता, भाई-बहनों के प्रति उनका निदर्नीय व्यवहार, आये दिन लड़ाई झगड़ा करना एवं गलत हरकतों से बाज आकर उनको अपनी संपूर्ण चल-अचल संपत्ति से हमेशा के लिये बेदखल करती है मेरी पक्षकारा के जीवित रहने तथा उनके ना रहने के पश्चात् मेरी पक्षकारा की उक्त संपत्ति पर उनके बडे पुत्र रोशन पासी पुत्रवधु अनीता पासी, पौता राजन पासी, पौती-प्रिया पासी का किसी भी प्रकार का कोई हक, हिस्सा नहीं रहेगा। मेरी पक्षकारा उसे आज दिनांक से अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से हमेशा के लिये बेदखल करती है जो सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे। जबलपुर दिनांक 28.03.2025 भवदीय-
एस.के. गुप्ता एड.
वास्ते- श्रीमति भाना पासी पति रघुवीर पासी
पता- म.नं.1159 गली नं.1 होली चौक,सदर कैंट जबलपुर-8085049444, 78794299579


प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के संचालक मंडल की 169वीं बैठक सम्पन्न

## पराली न जलाएं किसान, जागरुकता अभियान चलेगा : डॉ. कोठारी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में पराली जलाने से उत्पन्न वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया है। बोर्ड के निदेशक मण्डल की 169वीं बैठक गुरवार को आयोजित की गई। बैठक में धान एवं गेहूं की कटाई के पश्चात जलने वाली पराली से होने वाले प्रदूषण पर गहन चर्चा हुई और इसके समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने की।

प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने निर्देश दिये है कि प्रदेश में किसान पराली न जलाएं इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रमुख सचिव ने बताया कि इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए 8 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अप्रैल के प्रथम सप्ताह में बैठक आयोजित करने का निर्देश दिये है। बैठक में कटाई के बाद बचे बायोमास के वैकल्पिक उपयोग पर कार्ययोजना तैयार किये जाना का निर्णय लिया गया।

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# राहुल को क्यों नहीं बोलने देते बिरला?

लगातार तीन बार केन्द्र की सरकार बना लेने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के नेताओं, खासकर राहुल गांधी को न बोलने देने पर आमादा है, जो इस बार नेता प्रतिपक्ष भी हैं। पिछली लोकसभा में जब राहुल विपक्ष के नेता नहीं थे और न ही कांग्रेस की सदस्य संख्या आज के जितनी थी, तब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनसे खौफ़ खाते थे और उन्हें चुप कराने के सारे उपाय करते थे। वर्तमान लोकसभा में, जो पिछले साल के मध्य में गठित हुई थी, कांग्रेस की सदस्य संख्या दोगुनी तो है ही, राहुल विपक्ष के नेता हैं। ऐसे में मोदी का उनसे पहले से दोगुना भय खाना लाजिमी है। बुधवार को तो हद हो गयी जब राहुल अपनी कोई बात कहने के लिये उठे ही थे कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही ही स्थगित कर दी।

पिछले लम्बे समय से मानो सदन के अध्यक्ष ने यह परिपाटी बना ली है कि राहुल को उनकी बात रखने ही नहीं दी जायेगी। राहुल के बोलने के दौरान अक्सर सत्ता पक्ष के सदस्य शोर-शराबा करते हैं या उनके भाषणों के प्रमुख हिस्से रिकॉर्ड में जाने ही नहीं दिये जाते-खासकर, जब वे मोदी और उनके कारोबारी मित्रों गौतम अदानी तथा मुकेश अम्बानी का उल्लेख करते हैं। पिछली लोकसभा के आखिरी दिनों में तो सरकार उनसे इस कदर भयभीत दिखाई दी कि उनकी सदस्यता तक छीन ली गयी थी। उनका बंगला भी आनन-फानन में खाली करा लिया गया था। उनके खिलाफ एक अवमानना केस तत्काल सुनवाई में लाकर सरकार ने यह प्रबन्ध भी कराया था। अंततः अदालती फैसले से उनकी सदस्यता बहाल हुई थी। इसके बावजूद राहुल न झुके, न मोदी तथा भाजपा सरकार पर हमले करना उन्होंने छोड़ा। वे सरकार द्वारा अदानी-अम्बानी को दिये जा रहे संरक्षण को भरपूर उजागर करते हैं और बताते हैं कि मोदी के कारण ये व्यापारी फल-फूल रहे हैं जबकि जनता बेहाल है।

बुधवार को संसद भवन के बाहर उन्होंने मीडिया के समक्ष आरोप लगाया कि जब भी वे लोकसभा सदन में कुछ बोलने के लिए खड़े होते हैं, उन्हें अपनी बात कहने नहीं दी जाती। बोलने का मौका देने की बजाये ओम बिरला नेता विपक्ष को सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत देते रहे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेसी सांसदों द्वारा टी-शर्ट पहनकर सदन में आने पर उन्होंने सदन की मर्यादा व आचरण का पालन करने का आग्रह किया था। उनके अनुसार यह मर्यादा और शालीनता के मानदंडों तथा सदन की परंपरा के प्रतिकूल है। बिरला ने नेहरू-गांधी परिवार का नामेल्लेख किये बगैर ध्यान दिलाया कि इसी सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से उन्होंने अपेक्षा की कि लोकसभा प्रक्रिया के नियम 349 के अनुसार वे सदन में आचरण और व्यवहार करें। अध्यक्ष की इस बात से इंकार नहीं है कि मर्यादा तथा शालीनता का सभी को पालन करना चाहिये। सवाल यह है कि ऐसी सारी अपेक्षाएं बिरला साहब केवल विपक्ष से ही करते हैं। जब भाजपा सदस्यों के बोलने की बारी आती है तो उन्हें पूरी छूट मिलती है। उनके बारे में कई बार कहा गया है कि वे दोहरा रवैया अपनाते हैं और भाजपा-सदस्य के रूप में बर्ताव करते हैं। वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों में अड़ंगा डालते हैं। यहां तक कि सरकार का बचाव भी करते हैं। अक्सर चर्चाओं के उन हिस्सों को काट दिया जाता है जिनमें सरकार की, वह भी जिनमें नरेन्द्र मोदी की आलोचना होती है।

बहरहाल, सवाल यह है कि आखिर राहुल से किस बात का सत्ता को खौफ है? कहा जा सकता है कि राहुल की लगभग हर बात से मोदी और उनकी सरकार को डर लगती है। वे जब भी कोई मुद्दा उठाते हैं या किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वह सरकार को परेशान करने वाली होती है। देश के सारे संसाधनों को कुछ व्यवसायियों को सौंपना, भाजपा सरकारों का अन्याय व भ्रष्टाचार समेत ऐसे कई मुद्दे हैं जिन्हें सामने लाकर राहुल मोदी का भ्रष्टाचारी व निरंकुश चेहरा सामने ला चुके हैं। लोकसभा-2024 में उनकी वायनाड व रायबरेली से जीत ने उनकी ताकत को तो बढ़ाया ही, उनकी बहन प्रियंका का वायनाड से जीतकर आना भाजपा के लिये और भी परेशानी का सबब है। इसलिये बुधवार को जब राहुल ने सदन में बाहर निकलते हुए प्रियंका के गालों को स्नेहपूर्वक हाथ लगाया, तो चिढ़े हुए बिरला ने उन्हें शालीनता की एक और डोज़ चढ़ा दी। ये वही बिरला हैं जो पिछली लोकसभा में दिल्ली के सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा दानिश अली को साम्प्रदायिक गालियां देते हुए सुनते रहे थे। बिरला, मोदी व सरकार के सामने ज्यादा दिक्कत यह है कि अब राहुल अपमान और निलम्बन सहित किसी भी भय से ऊपर उठ चुके हैं।

दो यात्राओं (भारत जोड़ो व न्याय यात्रा) से निकले सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विमर्श पर आधारित राहुल के भाषण जनता को न्याय दिलाने के मकसद से होते हैं। जातिगत जनगणना की उनकी मांग, संविधान की रक्षा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का विरोध मोदी की जमीन हिलाने के लिये काफी होते हैं। यही कारण है कि मोदी राहुल के रहते सदन में तभी आते हैं जब बेहद ज़रूरी हो। स्मृति ईरानी (पिछली लोकसभा में), अनुराग ठाकुर, निशिकांत दुबे जैसे सांसदों के जरिये मोदी राहुल पर आक्रमण कराते रहे हैं। यही राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ होता है। एक ओर मोदी कहते हैं कि 'आलोचना लोकतंत्र का आधार है', वहीं वे अपने खिलाफ कोई बात सदन में होने नहीं देना चाहते। उनके एजेंडा को बिरला चलाते हुए दिखते हैं।

# 'नो अदर लैंड', तब जाएं तो जाएं कहां?

तानाशाहों को हमेशा लगता है कि कला जैसे उनके लिए काल बन कर आ रही है। इसलिये वे जब-तब कभी कलाकार पर तो कभी उसके काम पर हमला बोलते रहते हैं। पूरब से पश्चिम तक मामला एक सा ही है। तभी तो तीन सप्ताह पहले ऑस्कर से सम्मानित बेस्ट डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के चार निर्देशकों में से एक हमदान बलाल पर सोमवार को उन्हीं के गांव में इज़रायली सेना का हमला हो गया। अगले दिन जब उन्हें रिहा किया गया तब उनके सर और शरीर पर चोटों के निशान थे। 'नो अदर लैंड' के चार निर्देशकों में से दो फ़िलीस्तीनी हैं और दो इज़राइली। चार सह-निर्देशकों- बासल अद्रा, हमदान बलाल, युवाल अब्राहम और राहेल सोर की बनाई पहली ही डॉक्यूमेंट्री ने ऑस्कर जीता है और पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बन गई है। 'नो अदर लैंड' डॉक्यूमेंट्री के ज़रिये इन चारों का मकसद था कि साथ में उनकी आवाज़ ज़्यादा बुलंद होगी; और ऐसा हुआ भी। ऑस्कर समारोह में जब इज़रायली पत्रकार युवाल अब्राहम ने अपने फ़िलीस्तीनी सह-निर्देशक बासल अद्रा की ओर देख कर कहा- 'जब मैं बासल को देखता हूं, तो मुझे अपना भाई दिखाई देता है, लेकिन हम समान नहीं हैं। हम एक ऐसे शासन में रहते हैं जहां मैं तो आज़ाद हूं, नागरिक कानून के अधीन हूं लेकिन बासल सैन्य कानूनों के अधीन है जो उसके जीवन को आए दिन नष्ट करते रहते हैं और वह कुछ नहीं कर सकता।' इस बयान ने अभी एक साथ मज़बूत आवाज़ की पैरवी की ही थी कि बलाल पर हमला हो गया और वह चीखता रहा कि 'मैं मर रहा हूं ।' ये ताकतें 'नो अदर लैंड' को रिलीज़ होने भी नहीं दे रहीं और ओटीटी मंच इसे हटाने पर मजबूर कर दिए गए हैं। दरअसल 'नो अदर लैंड' वेस्टलैंड के एक हिस्से मसाफिर (मुसाफ़िर) यत्ता के गांवों की कहानी है जहां बासल अद्रा पैदा हुआ है। दुनिया के नक्शे पर यह जगह मौजूद है जो सात -आठ गांवों से मिलकर बनी है। इज़राइल की सेना इस जगह को फौज के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। वह इस रास्ते में आने वाले सभी घरों और स्कूलों को बुलडोज़ कर देना चाहती है। पूरी डाक्यूमेंट्री में सेना के बुलडोज़र घर-स्कूल ढहाते नज़र आते हैं। घर गिरने के बाद बासल का परिवार गुफ़ाओं में रहने के लिए मजबूर हो जाता है। विरोध करने पर उसके चाचा को घायल कर दिया जाता है। वह अस्पताल में ज़िन्दगी और मौत के बीच संघर्षरत है। बासल के पास एक कैमरा है और वह सब कुछ शूट करता है। ऐसा लगता है जैसे सेना के हथियार का सामना वह अपने कैमरे से ही कर रहा है। उसका एक ही मक़सद है कि उसके इलाके की तकलीफ़ दुनिया तक पहुंचाए। आखिर यह उसकी ज़मीन है और उसके पुरखे यहां 1830 से रहते आए हैं। इजराइल के सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने सप्रमाण जानकारी दी है कि वे उनके कब्ज़े से पहले यहां रहते आए हैं। धीरे-धीरे ही सही उनकी अवाज़ को इंटरनेट पर बल मिलता है। एक समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी मसाफिर (मुसाफ़िर) यत्ता आते हैं। फिर वह सड़क नहीं टूटती, मकान खड़े रहते हैं। कुछ दिनों बाद फिर वही भय के हालात बन जाते हैं। डॉक्यूमेंट्री में बासल की मां भी हैं, जो खुद कभी एक्टिविस्ट रही हैं, लेकिन बासल की हताशा और हालात से दुखी हैं। वह दोहराती है कि हमें भी अपनी पहचान चाहिए, हमारे बच्चों को क्यों अच्छी ज़िन्दगी बसर करने का हक़ नहीं? दरअसल बासल ने क़ानून की पढ़ाई की है लेकिन आर्थिक हालात इस क़दर खस्ता हैं कि काम के कोई अवसर नहीं हैं।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> दरअसल 'नो अदर लैंड' वेस्टलैंड के एक हिस्से मसाफिर (मुसाफ़िर) यत्ता के गांवों की कहानी है जहां बासल अद्रा पैदा हुआ है। दुनिया के नक्शे पर यह जगह मौजूद है जो सात -आठ गांवों से मिलकर बनी है। इज़राइल की सेना इस जगह को फौज के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। वह इस रास्ते में आने वाले सभी घरों और स्कूलों को बुलडोज़ कर देना चाहती है।

ऐसे ही एक दिन उसकी मुलाकात इजराइली पत्रकार युवाल अब्राहम से होती है जो सेना के उत्पीड़न को रिपोर्ट करता है। वह फिल्म में भी उसी बात का ज़िक्र करता है जो उसने ऑस्कर के मंच से कही थी कि- 'मैं आज़ाद नागरिक हूं तो मेरा भाई बासल क्यों नहीं?' युवाल से बासल पूछता है -

-आप कौन हैं?

00 मैं पत्रकार हूं।

-आप अरेबिक हैं?

00 नहीं, इजराइली हूं।

-क्या सच? आप क्या मानव अधिकार वाले हो?

00 हां कुछ ऐसा ही..

-क्या आपको लगता है कि आपका देश सही कर रहा है?

00 नहीं, मुझे लगता है यह जुर्म है।

सच कहा जाए तो 'नो अदर लैंड' दुनिया के अपनी ज़मीन से बेदखल कर शरणार्थी बनाए गए तमाम लोगों की कहानी होने के साथ यह इस बात को भी प्रभावी तरीके से बताती है कि लड़ाई जिसके नाम पर लड़ी जा रही है, वे उन हुक्मरानों के साथ नहीं हैं। तभी तो सेना का नुमाइंदा जब युवाल से पूछता है कि तुम यहां क्या कर रहे हो? इनका साथ क्यों दे रहे हो? तब युवाल कहता है क्योंकि यह सब तुम मेरे नाम पर कर रहे हो, 'नॉट इन माय नेम'। उम्मीद जगाने वाली बात तो यह भी है कि फ़िलिस्तीन की तकलीफ़ को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आवाज़ देने वाले कोई और नहीं बल्कि यहूदी हैं। सभी को याद है कि एक इज़रायली फिल्म निर्देशक नदाव लैपिड साल 2022 में अंतरराष्ट्रीय गोवा फिल्म फेस्टिवल में भारत आए थे और उन्होंने 'द कश्मीर फाइल्स' को 'वल्गर प्रोपेगेंडा' यानी अश्लील प्रचार कहा था। इज़राइली फिल्म निर्देशक की इस टिप्पणी से भारत में तूफ़ान आ गया था क्योंकि यह आलोचना सरकारी मंत्री के सामने हुई थी और नरेंद्र मोदी सरकार ने इस फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लैपिड बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हैं जिनकी फ़िल्में बर्लिन और कान फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड हासिल कर चुकी हैं। उनकी फिल्म सिनोनिम्स (पर्यायवाची) को प्रतिष्ठित बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन बेयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। सिनोनिम्स लैपिड की लगभग आत्मकथात्मक फिल्म है। कथानक का युवा सैनिक इज़राइल में जन्मा ज़रूर है लेकिन वह वहां से भागना चाहता है। वह फ्रांस पहुंचता है। यह दुनिया उसे खुला और उदार महसूस कराती हुई। वह कल्पना करता है कि वह जन्मा चाहे इज़राइल में हो, लेकिन फ्रांस का नागरिक बनना चाहता है। मरना भी वहीं चाहता है ताकि उसका पुनर्जन्म फ्रेंच नागरिक के रूप में हो। उसे यह भी लगता है कि इज़राइल एक ख़राब और घिनौनी परिकल्पना पर बना दिया गया देश है। एक ऐसा देश जिसकी ऊर्जा में कुछ कमी है। जिसकी ज़िंदादिली ग़ायब है।

'नो अदर लैंड' भी बर्लिन फिल्म से सम्मानित होकर ऑस्कर हासिल कर चुकी है लेकिन शांति का संदेश दोनों ओर के स्वार्थी तत्वों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। फिल्म बनाने वालों पर हमले हो रहे हैं। दुनिया के इन लोगों के लिए स्कूल और अस्पतालों से ज़्यादा ज़रूरी सैनिक अड्डे हैं तभी तो हमदान बलाल पर रमज़ान के महीने में अफ़्तार के समय हमला कर दिया जाता है। वह उस दिन मसाफ़र यत्ता में अपने परिवार के साथ था। मसाफिर यत्ता गाज़ा में नहीं है, यह वेस्टलैंड में है जहां शासन के लिए इजराइल के मातहत स्थानीय सदस्यों को चुना जाता है फिर भी वहां हिंसा और रक्तपात है। जब आधुनिक समय के महान मसखरे चार्ली चैपलिन की मूक फिल्मों को ही तमाम देशों की सरकारों ने नहीं छोड़ा तो फिर यह तो एक गंभीर डॉक्यूमेंट्री के निर्देशक हैं और सवाल पूछते हैं कि हमारे गांव में इजराइली कारें पीले रंग की और फ़िलीस्तीनियों की हरे रंग की क्यों हैं? हरी कारें वेस्ट बैंक से बाहर नहीं जा सकती, पीली जा सकती हैं। दोनों ही रंगों पर नियंत्रण इजराइल का है। पूरी दुनिया को यूं बांटकर क्यों रखा गया है? बहरहाल, इस डॉक्यूमेंट्री का बनना हालात में बड़ा हस्तक्षेप है और नागार्जुन की कविता 'शासन की बन्दूक' की अंतिम पंक्तियों की तरह ही उम्मीद से भर देता है-

जली ठूंठ पर बैठकर गई कोकिला कूक,
बाल न बांका कर सकी शासन की बंदूक।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# ओईसीडी ऋण रिपोर्ट 2025 में दिखा अमीर देशों का बढ़ता जोखिम

■ **अंजन रॉय**

विश्व आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की ऋण रिपोर्ट 2025 विकास और आय पर विभिन्न देशों की समग्र ऋणग्रस्तता की एक गंभीर तस्वीर पेश करती है। यह कई सच्चाइयों को उजागर करता है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो राजकोषीय विवेक और ऋण उत्तरजीविता के पारंपरिक उच्च पुजारी थे।

अमीरों के क्लब के रूप में जाने जाने वाले ओईसीडी ने खुलासा किया है कि यूरोप के अत्यधिक विकसित देशों ने अपने वार्षिक रक्षा बजट की तुलना में अपने बकाया ऋणों पर ब्याज का भुगतान करने में अधिक खर्च करने की लगातार प्रवृत्ति दिखायी है। यह इस बात को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है कि अमेरिकियों ने यूरोप को स्पष्ट तौर पर बताया था कि वे शत्रुतापूर्ण आक्रमण के खिलाफ खुद की रक्षा करने में असमर्थ हे तथा इसके लिए अमेरिका पर ही भरोसा करते हैं।

यह आर्थिक संकेतक अकेले ही स्पष्ट करता है कि यूरोप के लोग अपने दरवाजे पर एक आक्रामक रूस के सामने कितने असहाय हैं, जब अमेरिका ने खुद की रक्षा के लिए उनके बिलों का भुगतान करने से इनकार कर दिया है।

फिर भी, दूसरों को उपदेश पढ़ने की आदत जल्दी खत्म नहीं होती। ओईसीडी रिपोर्ट विकसित देशों के साथ-साथ तथाकथित उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों के ऋण प्रोफाइल की भी जांच करती है। विकसित देश महामारी और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए आयोजित कृत्रिम प्रोत्साहनों के बाद सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात में बहुत अधिक ऋण दिखा रहे हैं।

ओईसीडी रिपोर्ट अपनी सिफारिशों में जोरदार है कि विकसित देशों के बाद के समूह, अर्थात उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों को राजकोषीय विवेक और कम ऋण जीडीपी अनुपात बनाये रखने के बारे में विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए।

वैसे भी, विभिन्न देशों के इन दो समूहों के सार्वजनिक ऋण प्रोफाइल का जायजा लेने से उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों के ऋण प्रोफाइल में बड़े अंतर का पता चलता है।

ओईसीडी देशों में जारी किये गये सम्प्रभु ऋणों के अध्ययन में रिकॉर्ड .17 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 में .14 ट्रिलियन से अधिक है। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) के ऋण बाजारों के आंकड़े भी काफी हद तक बढ़े हैं, लेकिन अमीर देशों की तुलना में बहुत कम हैं, जो 2007 में लगभग .1 ट्रिलियन से बढ़कर 2024 में 3 ट्रिलियन से अधिक हो गये हैं।

सरकारी ऋण का एक पहलू आम तौर पर बहुत कम सराहा जाता है। वह यह है कि सरकारी ऋणों को पुनर्भुगतान के माध्यम से शायद ही मिटाया जाता है। ये केवल पुनर्चक्रण हैं, यानी पुराने परिपक्व ऋणों को नये सिरे से उधार लेकर चुकाया जाता है। इसलिए जो मायने रखता है वह यह कि आप पुराने ऋणों को कैसे बदल रहे हैं।

यदि ब्याज दरें बढ़ रही हैं, तो नये ऋण उच्च ब्याज दरों पर लिए जाएंगे और इस प्रकार, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उच्च ब्याज भार के कारण उधार की कुल लागत बढ़ जाती है। ब्याज दरों में गिरावट होने पर, ये पुनर्वित्त लागतें कम हो जाती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजार वर्तमान में ट्रम्प के गुस्से से परेशान हैं। व्यापार और आर्थिक नीतियों पर अमेरिकी नीतियों में बेतहाशा बयान और उतार-चढ़ाव भ्रामक संकेत दे रहे हैं। शेयर बाजारों में व्यापक उतार-चढ़ाव है और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जा रहा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी की गयी है और यहाँ तक कि ट्रम्प ने भी ऐसी संभावना को स्वीकार किया है। मंदी की कोई भी चर्चा और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जाने से ब्याज दरों में गिरावट आती है। अफ़वाहें चल रही हैं कि अमेरिका को 7 ट्रिलियन के ऋण का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटा बदलाव नहीं है। आने वाले दिनों में ब्याज दरों में मामूली गिरावट से अमेरिकी संघीय सरकार को अपने भारी बकाया ऋणों के पुनर्चक्रण पर ब्याज लागत बचाने में मदद मिल सकती है। इसलिए, ट्रम्प के नखरे ऋण पुनर्चक्रण पर ब्याज के बोझ को कम करने के इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने के तरीके थे।

जो भी हो, दुनिया ऋण पुनर्गठन में एक संभावित कठिन कार्य का सामना कर रही है। ओईसीडी रिपोर्ट में गणना की गयी है कि 'आगे देखते हुए, कुल सम्प्रभु ऋण का 42प्रतिशत और सभी बकाया कॉर्पोरेट बॉन्ड ऋण का 38 प्रतिशत अगले तीन वर्षों में परिपक्व होने वाला है'।

> संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी की गयी है और यहाँ तक कि ट्रम्प ने भी ऐसी संभावना को स्वीकार किया है। मंदी की कोई भी चर्चा और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जाने से ब्याज दरों में गिरावट आती है। अफ़वाहें चल रही हैं कि अमेरिका को 7 ट्रिलियन के ऋण का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटा बदलाव नहीं है।

रिपोर्ट बताती है कि ओईसीडी देशों के लिए पुनर्वित्त लागत 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के 0.3प्रतिशत तक बढ़ गयी है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद के लिए निष्क्रिय भुगतान अनुपात सकल घरेलू उत्पाद के 3.3प्रतिशत से अधिक हो गया है। यह रक्षा पर उनके खर्च से कम से कम एक प्रतिशत अधिक है। अमेरिकी नये रणनीतिक रुख के साथ, इन देशों के लिए इस प्रवृत्ति को उलटना अनिवार्य होगा।

ऋण स्थिरता में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारक विदेशी निवेशकों के लिए किसी देश के सार्वजनिक ऋण का जोखिम है। विदेशी धारकों के लिए जोखिम जितना बड़ा होगा, भेद्यता उतनी ही अधिक होगी। यहां भी रुझान परेशान करने वाले हैं।

सरकारी बॉन्ड के खरीदारों की प्रोफ़ाइल में घरेलू स्रोतों से विदेशी संस्थागत निवेशकों और अन्य की ओर समग्र बदलाव से भुगतान संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ गया है।

ओईसीडी देशों में, घरेलू सॉवरेन बॉन्ड की केंद्रीय बैंक होल्डिंग्स में गिरावट आई है। ओईसीडी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021 में कुल बकाया ऋण का 29प्रतिशत से 2024 में 19प्रतिशत हो गया, जबकि घरेलू परिवारों की हिस्सेदारी 5 से बढ़कर 11प्रतिशत हो गयी, और विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 29 से बढ़कर 34प्रतिशत हो गयी।

आइए, हम भारत के ऋण प्रोफाइल और बाहरी झटकों के प्रति हमारी भेद्यता पर एक नज़र डालें। भारतीय अर्थव्यवस्था के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नवीनतम सलाह रिपोर्ट कुछ संबंधित पहलुओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में बाहरी ऋण 18.9 प्रतिशत पर बना हुआ है और 2025-26 में यह घटकर 18.6प्रतिशत हो जायेगा। इसमें से अल्पकालिक ऋण केवल 8.3प्रतिशत है जिसे भेद्यता के उपाय के रूप में लिया जाता है क्योंकि यह तत्काल पुनर्भुगतान बोझ को इंगित करता है।

कुल मिलाकर, भारतीय राजकोषीय समेकन पर निरंतर जोर और सरकारी वित्त में संतुलन तक पहुँचने के कारण पिछले कुछ वर्षों में ऋण प्रोफ़ाइल में सुधार हो रहा है। बेशक, अर्थव्यवस्था की उछाल भरी स्थिति - जिसका एक संकेत कर संग्रह में उछाल है - ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की है। आखिरकार, बढ़ती हुई लहरें सभी नावों को ऊपर उठाती हैं, सरकार के साथ-साथ व्यक्ति को भी।

## आपके पत्र

### हड्डी के औज़ारों का इस्तेमाल कब शुरू हुआ?

मानव विकास के इतिहास में पाषाण काल एक विशेष महत्व रखता है। एक मायने में इसे पहली औद्योगिक क्रांति कहा जा सकता है - लगभग तीस लाख साल पहले का एक ऐसा दौर जब मनुष्यों ने पत्थरों से औज़ार बनाना और उनका इस्तेमाल करना शुरू किया था। पाषाण काल में पत्थरों के औज़ार के साथ-साथ इन्हीं मनुष्यों द्वारा जब-तब हड्डी के औज़ार इस्तेमाल किए जाने के भी प्रमाण मिलते हैं। लेकिन ये प्रमाण बहुत छिट-पुट रूप में मिलते हैं। जैसे शोधकर्ताओं को करीब 14 लाख साल पुरानी हड्डी से बनी कुल्हाड़ी मिली थी, फिर 5 लाख साल पुराने कुछ और औज़ार मिले थे। लेकिन बहुत कम प्रमाणों के चलते सटीक रूप से यह निर्धारित नहीं किया जा सका है कि मनुष्यों ने हड्डी के औज़ार बनाना कब शुरू किया।

इतने कम प्रमाण का एक कारण है कि पत्थरों के माफिक हड्डियां सालों-साल सुरक्षित नहीं रहतीं। हड्डियां समय के साथ सड़-गल जाती हैं, और जैसी-तैसी हालत में जो हड्डियां मिलती भी हैं उनमें यह अंतर कर पाना एक बड़ी चुनौती होती है कि वे किसी जीव की हड्डियां मात्र हैं या मनुष्यों ने उन्हें तराश कर औज़ार का रूप दिया था।

बावजूद इसके, किसी बात को पुख्ता तौर पर कहने के लिए वैज्ञानिकों की पैनी नज़रें सदैव ही अधिकाधिक प्रमाणों की तलाश में रहती हैं। इसी उद्देश्य से 2015 में, पुरातत्वविदों के एक दल ने तंज़ानिया के ओल्डुवाई गॉर्ज पुरातात्विक स्थल पर खुदाई कार्य शुरू किया था। दरअसल इस स्थल पर पूर्व में भली-भांति संरक्षित जीवाश्म और पत्थर के औज़ार मिले थे, जो 20 लाख साल की लंबी अवधि के मानव विकास के इतिहास को बयां कर रहे थे। इस स्थल की 8 मीटर गहरी खुदाई करीब 8 साल में पूरी हुई थी।

पहले तो शोधकर्ताओं ने इन परतों का काल-निर्धारण किया; ये परतें करीब 15 लाख साल पुरानी थीं। फिर खुदाई में मिली हाथी के पांव की एक हड्डी और बाकी हड्डियों (से बने औज़ारों) का बारीकी से अवलोकन किया। कुल मिलाकर इस खुदाई स्थल से उन्हें हड्डियों के 27 औज़ार मिले। अवलोकन में दिखा कि इन हड्डियों पर तराशने के निशान हैं; आकार देने के लिए उनसे छीलकर हटाई गई छिल्पियों के निशान साफ गवाही दे रहे थे कि ये महज़ हड्डियां नहीं बल्कि औज़ार हैं। पाया गया कि अधिकतर औज़ार हाथी और दरियाई घोड़े जैसे विशालकाय जानवरों की हड्डियों से बनाए गए थे।

इन औज़ारों की बनावट वगैरह देखकर लगता है कि इनका इस्तेमाल मांस काटने और हड्डियों के अंदर से मज्जा निकालने के लिए हड्डियों को तोड़ने में किया जाता होगा। इस आधार पर शोधकर्ताओं को लगता है कि उस समय के मनुष्य जानवरों को केवल भोजन के स्रोत के रूप में ही नहीं बल्कि अन्य संसाधन के तौर पर भी देखते थे।

**(स्रोत फीचर्स)**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्त्री सुरक्षा और सम्मान: कुछ सुझाव

*एडवरटाइजिंग स्टैण्डर्स कौंसिल ऑफ इंडिया जैसी संस्थाओं में विज्ञापनों के परीक्षण के लिए बनी समितियों में महिलाओं को समुचित स्थान दिया जाए। ये समितियां शिकायत मिलने पर नहीं, बल्कि खुद संज्ञान लेकर परीक्षण करें। यदि सीरियल लेखक, गीतकार, संवाद लेखक, विज्ञापन लेखक, हास्य कवि और पत्रकार तय कर लें कि उन्हें स्त्री का अपमान करने वाली बातें नहीं लिखना है और इसके लिए अपनी कलम नहीं बेचेंगे तो वे भूखे नहीं मर जाएंगे।*

*भारत में साल में 365 दिन औरतों के लिए किसी न किसी उपवास का प्रावधान रहता है। यह पिता, पति और पुत्र का दायित्व है कि वह इसके खिलाफ आवाज उठाए। जिस समाज में औरत के लिए एक जन्म भारी पड़ता है वहां सात जन्मों तक वही पति पाने की मनौती क्यों मानी जाए? मेरी राय में करवा चौथ, तीज, छठ जैसे पर्वों का स्वरूप बदल देना चाहिए।*

*जहां तक कानून व्यवस्था की बात है, सिपाहियों को उनकी ट्रेनिंग के दौरान सबसे पहले यही सिखाया जाना चाहिए कि वे स्त्री जाति व वंचित समूहों का सम्मान करना सीखें व उसके साथ अदब के साथ पेश आए। उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए तत्काल बड़े पैमाने पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं।*

**(देशबंधु में 17 जनवरी 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/01/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### जीवन सुधारें अध्यात्म से

बाहर हम जो कुछ भी करें, वह अपने आंतरिक जीवन को सरल बनाने की दृष्टि से ही होना चाहिए। कम कामना, कम संसाधनों के साथ चलने को इसलिए कहा गया है, क्योंकि इनमें आत्मिक प्रगति की अधिक सुविधा रहती है। इसलिए कहते हैं कि बोझा इतना उठाओ कि आसानी से छोड़ सको। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस जीवन को हम जी रहे हैं वह दीर्घकाल में एक सुव्यवस्थित रीति-नीति से बीतना चाहिए। इसका उपाय है आवश्यक को स्वीकार करना तथा जो अनावश्यक लगे उसे त्याजते जाना। जीवन का यही सिद्धांत है कि हम अमर होने के पैदा हए हैं इसलिए पहले देख लीजिए कि जिन चीजों से संबंध जोड़ रखा है वे अमरता दिलाने वाली हैं भी कि नहीं। जिसका एकत्व बोध जाग्रत परमात्मा को सौंप दिया हो, वह व्यक्ति कभी हीन चरित्र एवं पाप कुंठित नहीं हो सकता। उसे परिस्थितियां विवशतावश डिगा नहीं सकतीं तथा उसका जीवन एक अद्भुत चमत्कार का पर्याय हो जाता है। इस अवस्था से कोई भी कार्य किया जाए वह सच्चा एवं दीर्घकाल में उन्नति देने वाला होता है। एक सुव्यवस्थित जीवनक्रम के लिए आवश्यक है कि कार्य ऐसे अपनाए जाएं जो आंतरिक जीवन में सफलता एवं बाह्य जीवन में उन्नति का पथ प्रशस्त करें।

इसके लिए चाहिए उमंग उत्साह भरा दृष्टिकोण साथ ही कुछ करने की उत्कंट भावना। शेष अन्य कार्य तो अंतरात्मा की दिव्य आवाज स्वयं करा लेगी जिसके आह्वान पर मानव सक्रिय है। उसे कुछ चाहिए तो मात्र एक भीतरी अवलंबन, जिसके द्वारा वह संसार में अधिकांश कार्य कर सके। अंतरात्मा जो सोचती है एवं करने को तत्पर होती है वह कभी व्यर्थ या मिथ्या नहीं होता। उसे ही दिव्यदर्शियों ने मेधा कहा है। यानि ऐसी कार्यप्रणाली जो विश्वासपूर्वक हमें संसार के खाई-खंदक से पार ले जाती रहे तथा जिसके अवलंबन द्वारा हम सभी कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर सकें। आत्मा जिस मार्ग से प्राप्त होती है उसे ही कहते हैं कर्मयोग तथा इस नाते हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि जीवन में उन्हीं बातों को पकड़ें जो हमें आत्मा के निकट ले जाती हों तथा संसार से हमारा संबंध लेशमात्र भी आसक्ति या अपूर्णता का न रह जाए। इसी दृष्टिकोण के साथ यदि देखा जाए तो सारा जगत एक दिव्यभाव से ओत-प्रोत दिखाई पड़ता है तथा मार्ग के कंटकाकीर्ण उतार-चढ़ाव हमें अधिक परिपक्व बनाने के लिए ही हैं। यही जीवनप्रणाली अभिनव द्योतक है। इसके द्वारा जीवन के नवनिर्माण में आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस दृष्टि से सोचा जाए तो कार्य वही किए जाएं जो आंतरिक जीवन को सुदृढ़ और मजबूत बनाते हों। जिनसे आत्मा विकास को प्राप्त करती हो तथा जीवन निखरता हो। उसे ही संवेदना का प्रकाश तथा आदि-अनंत परमात्मा से जुड़ने की विधा कहेंगे तथा इस मार्ग से निश्चित ही सांसारिक जीवन में सफलता तथा आंतरिक प्रगति के परिक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। यही महानता का राजमार्ग है एवं इस पर चलकर जीवन धन्य हो जाता है। जिस प्रक्रिया को अपनाकर जीवन सुधारता हो, वही अध्यात्म है तथा इस दृष्टि से जीवन में करने योग्य वही है, जो आत्मा को जगाए। दूसरों के कल्याण में नियोजित हो तथा स्वयं के परिष्कार से संबंधित।

**-अखंड ज्योति**

### जांच के लिये पानी को प्रयोगशाला भेजा गया

# पेयजल की पाइप लाइन में मरा बंदर मिलने से हडकंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में भोंगाद्वार पंप हाउस के पास बड़ी पानी की लाइन में बंदर मिलने के बाद प्रशासनिक गलियारे में हड़कंप है। आनन-फानन में मौके पर क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी के साथ ननिज प्रशासन के अधिकारियों ने मुआयना किया। पानी की जांच के लिये प्रयोगशाला में नमूना दिया गया है।

वहीं विपक्ष ने इस मामले में ननिज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। शुक्रवार को नगर सरकार को घेरने की नीति को अंतिम रूप दिया है। इसके अलावाा अन्य प्रस्ताव उठाये जाएंगे।

बीते दिनों से भोंगा द्वार, धोबीघाट, कृष्णा नगर आदि में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही थी, जिसकी शिकायत की गई, लोगों का कहना था कि पानी में बदबू भी आ रही है। इस बीच गत दिवस ग्लास फार्म के पास पानी की लाइन में मरा हुआ बंदर मिला, जिसके बाद जबलपुर में हल्ला मच गया। लोगों ने कहा कि ननिज प्रशासन क्षेत्रीय जनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

### आज बंदर करेंगे भेंट

वहीं इस मामले को लेकर विपक्ष के पार्षद ननिज प्रशासन की लापरवाही के विरोध में निगम सदन की बैठक में प्रतीक स्वरूप बंदर कृत्रिम बंदर भेंट करेंगे। जिसमें बताया जायेगा किस तरह लोगों को इतने दिनों तक प्रदूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ा है।

### आला अधिकारी करते रहे इंकार

वहीं मामले को लेकर ननिज के जल विभाग के अधिकारी इससे इंकार कर रहे थे, कि पाइप लाइन में बंदर फसा है, लेकिन जब लाइन को काटा गया तो मरे बंदर का शव मिला, इससे साफ हो गया कि जल विभाग के अधिकारी लापरवाही कर रहे थे। जिन पर कार्रवाई की मांग विपक्ष कर रहा है।

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा है कि हम तो पहले से कह रहे हैं कि ननिज में अधिकारियों पर नगर सरकार का नियंत्रण खत्म हो गया है। ये अधिकारी अब तो लोगों की जान से खेल रहे हैं।

पानी की लाइन से मरा बंदर मिलने से यह साफ हो गया है। इस मामले में नगर सरकार को घेंरने की तैयारी विपक्ष ने कर ली है।

वहीं बचाव के लिये नगर सरकार के प्रतिनिधि भी गुरूवार की देर शाम तक बैठक कर रहे थे, जिसमें विपक्ष का जवाब या सामने किस प्रकार करना है, इसकी रणनीति समाचार लिखे जाने तक बन रही थी।

### जवाबदार अधिकारियों के साथ विधायक ने किया दौरा



भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से प्रदूषित जलापूर्ति की खबर लगते ही केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने नागरिकों की चिन्ता करते हुए तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और जलशोधन संयंत्र के रखरखाव की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ पेयजलापूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा जल की जाँच भी करवाई। इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलशोधन संयंत्र के रखरखाव उत्तम ढंग से रखें और स्वच्छ पेयजल ही नागरिकों को सप्लाई कराएँ, इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति के संबंध में कोई भी लापरवाही किसी की दिखाई देती है तो उन अधिकारियों को विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। विधायक श्री रोहाणी ने फिल्टर प्लांट व लैबोरेट्री का निरीक्षण करते हुए मौके पर ही केमिस्ट से पानी की शुद्धता की जांच कराई।

## मंडल के 23 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम मे अपनी आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर 23 रेल कर्मचारियों को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर डीआरएम कमल कुमार तलरेजा द्वारा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज देकर विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में सर्व पी थॉमस कोसी, अयूब खान, विनोद कुमार शुक्ल, अनूप कुमार गौर, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र नाथ वर्मा, प्रदीप कुमार पवारिया, राम प्रकाश द्विवेदी आदि प्रमुख थे।

सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।



## एपीआई जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 29 मार्च को

**जबलपुर, देशबन्धु।** एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई),जबलपुर चैप्टर के तत्वाधान में वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26 वीं मेडिसिन अपडेट 2025 का आयोजन 29 व 30 मार्च को विजन महल, तिलहरी में किया जायेगा, आयोजक एपीआई के अध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा व एपीआई के सचिव डॉ. अखिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों को सामने लाना है, देश के कोने-कोने से पहुंच रहे विशेषज्ञ यह भी बताएंगे कि तकनीक के जरिए किस तरह आज इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित अवॉर्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री व लोक कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे। अध्यक्षता सांसद जबलपुर आशीष दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई रहेंगे। वहीं इससे पूर्व 29 मार्च 2025 को शाम 8 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज डीन जबलपुर प्रोफ। डॉ. नवनीत सक्सेना के स्वागत उदबोधन से होगा।

आयोजन समिति में डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. आशीष पटेल, डॉ आनंद बहरानी, डॉ. एस के मिश्रा, डॉ.अश्वनी पाठक, डॉ.अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. संजय नेमा, डॉ. एच पी एस चंदेल शामिल हैं।

### ये विशेषज्ञ होंगे शामिल

राष्ट्रीय वक्ताओं में डॉ. प्रशांत विलास भांगुई (गुरुग्राम), डॉ.भास्कर शाह (मुंबई) , डॉ. पीयूष ओझा (गुरुग्राम), डॉ. मनीषा जैन (गुरुग्राम ), डॉ. श्रीराम अग्रवाल (होशंगाबाद) शामिल होंगे। वहीं विषय विशेषज्ञ डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. एमएस जौहरी, डॉ. आशीष एस. डेंगरा, डॉ. प्रीतिक्षा पिपलेश्वर, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. अमित बी. किनरे, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. ब्रह्मा प्रकाश, डॉ. पंकज कुमार असाटी, डॉ. भाविक धीरावाणी, डॉ. रवि कुमार दोहरे, डॉ. आलोक बंसल, डॉ. दीपक एस. बहरानी, डॉ. नीरज जैन और डॉ. तरुण नागपाल विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त करेंगे।

## "निधि आपके निकट 2.0" के दौरान निपटाये गये 108 मामले

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त 13 जिलों में 27 मार्च को "निधि आपके निकट 2.0" शिविर आयोजित किए गए। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में आयोजित शिविर के दौरान भविष्य निधि एवं पेंशन सदस्यों की शिकायतों को राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्वारा सुना गया एवं उनका समाधान किया गया।




शिविर में सुनवाई के दौरान 2 मृत्यु दावे प्राप्त हुए जिनपर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। राकेश सहारावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने यह भी बताया कि विभिन्न जिलों में आयोजित शिविर के दौरान "प्रयास" योजना के तहत पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। उन्होंने आगे बताया कि 27 मार्च को आयोजित "निधि आपके निकट 2.0" शिविर के दौरान कुल 108 शिकायतों का निपटान किया गया। शिविरों के सफ्ल आयोजन हेतु एक नोडल टीम का गठन किया गया जो समस्त टीमों के सम्पर्क में रही एवं समय-समय पर फील्ड में तैनात टीम को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ शिकायतों के निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराती रही।

## बैठक — जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्व से पीछे नहीं हटना चाहिये : अजय जामवाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरी क्षेत्र ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के चुने हुए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने निकाय के जनता के हित से जुड़े कार्य करते हुए ऐसे नवाचार करना चाहिए जिसका अनुसरण बाकी लोग भी करे तब आपकी पहचान एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में होगी, यह बात भाजपा के क्षेत्र संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जबलपुर संभाग के निकायो के। जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कही।



जबलपुर संभाग के महापौर, निगम अध्यक्ष, नगर पालिका निगम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला व जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्षों एवं भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक में सागर संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल मंचासीन थे।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा नगरीय और ग्रामीण निकाय के चुने हुए जनप्रतिनिधि जिनमे पंच, सरपंच, पार्षद, नगर निगम नगर पालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का सीधा संपर्क जनता से होता है और अपनी छोटी से छोटी समस्याओं के लिए आपके पास आते है जनता अपने जनप्रतिनिधि से ही उम्मीद करती है इसीलिए जन समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है, ऐसे में आपकी जिम्मेदारी भी है कि उन्हे आपके माध्यम से राहत मिले, साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य भी आपके द्वारा ही नीचे तक हो सकता है इस हेतु आपकी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है।

इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, मंडला जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, सिवनी जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, डिंडोरी जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जबलपुर जिप अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहके के साथ जबलपुर संभाग के जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## आर्दश नामदेव 86 फीसदी लेकर क्लास में रहे अव्वल



**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय विद्यालय टीएफआरआई में कक्षा छठवीं के विद्यार्थी आदर्श नामदेव ने 86 फीसदी अंक लेकर क्लास में प्रथम रैंक हासिल की है। ग्राम पड़वार बरेला निवासी आदर्श के पिता अमित कुमार नामदेव पेशे से पत्रकार व माता अरूण नामदेव गृहणि है, जिन्होंने अपने पुत्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने की कामना की है। आदर्श की इस सफलता पर उनके परिवारजनों व शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

## भोपाल और शहडोल के मध्य खेला गया मैच ड्रा रहा



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में एमपीसीए के स्थानीय नीमखेड़ा मैदान पर जारी महाराजा यशवंत राव मेमोरियल सीनियर इंटर डिवीजनल क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी में भोपाल और शहडोल के मध्य खेला जा रहा मैच चाय काल के बाद दोनों कप्तानों की सहमति से ड्रा हो गया।

भोपाल ने अपने कल के स्कोर 72 रनों से आगे खेलना शुरू किया और चाय काल तक 8 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना लिए थे और उसकी पूरी लीड 316 रनों की हो गई थी। चाय काल पर दोनों कप्तानों की सहमति से मैच ड्रॉ घोषित किया गया।

इस प्रकार भोपाल ने प्रथम पारी की बढ़त के आधार पर यह मैच जीत लिया और तीन अंक प्राप्त किये।

आज भोपाल की दूसरी पारी में उनके बल्लेबाज अरहम अकील ने 66 रन अंकुश सिंह 63 और पृथ्वीराज तोमर ने 42 रनों का योगदान दिया। शहडोल की ओर से नयन राज मेवाड़ा ने 5 विकेट तथा मासूम रजा ने दो विकेट लिए।

मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार संयुक्त रूप से विकास शर्मा और सार्थक सोनी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार भी सार्थक सोनी और नयन राज मेवाड़ा को प्राप्त हुआ।

पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश के सिलेक्टर सचिन धौलपुरे मैच ऑब्जर्वर अचल सिंह गौर अंपायरद्वय राहुल सतवास्कर, पंकज भारती के साथ-साथ भोपाल टीम के कोच पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी संजय पांडे, बैटिंग कोच पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी बृजेश सिंह तोमर तथा जबलपुर में क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य नितिन पांडे और विष्णु पटेल,भावना श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## 988 हितग्राहियों को 20.94 करोड़ की मिलेगी अनुग्रह सहायता

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सूर्यकांत सिरवैया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत हितग्राहियों को 28 मार्च को दोपहर 2.30 बजे सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में 988 हितग्राहियों को 20 करोड़ 94 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता मिलेगी।

## गोसलपुर स्टेशन पर रेलवे एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम ने किया संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में जबलपुर रेल मंडल के गोसलपुर स्टेशन में कि. मी. 1017/20-32 के बीच गाड़ी क्र मांक 00189 डाउन हॉलीडे स्पेशल के लोको पायलट ने सूचना दी कि उनकी गाड़ी के तीन कोच तीव्र झटके के साथ अचानक पटरी से उतर गए हैं, प्रेशर जीरो हो गया है।

कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं, घटनास्थल पर हाहाकार मची है तुरंत मेडिकल सहायता की आवश्यकता है यह सूचना मिलते ही जबलपुर के रेलवे कंट्रोल ऑफिस में खतरे के सायरन बजे जिससे तुरंत दुर्घटना रिलीफ मेडिकल वेन, रिलीफ ट्रेन भेजी गई यात्री गाड़ी दुर्घटना होने के कारण 27 मार्च रात में 18: 47 बजे रेलवे में दुर्घटनाओं के मद्देनजर रेलवे में जानमाल की क्षति की रोकथाम एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे एवं राज्य सरकार की आपदा प्रबन्धन एजेसियों की प्रति जागरुकता व सजगता को परखने हेतु राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बटालियन एवं रेलवे विभाग की टीम द्वारा संयुक्त फुल स्केल मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत काल्पनिक दुर्घटना का घटनाक्रम दर्शाया गया।



## गर्मी शुरू होते ही बिजली की अघोषित कटौती बनी उपभोक्ताओं के लिये मुसीबत

### तिलहरी, बिलहरी, गोराबाजार, कजरवारा में होने लगी आम शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्मी के दिन शुरू होते ही रिहायशी इलाकों में अघोषित बिजली कटौती लोगों के लिये परेशानी बन गई है। तिलहरी, बिलहरी, गोराबाजार आदि जगह दिन और रात में दर्जनो बार बिजली की आंख मिचौली हो रही है। इससे बुजुर्गो और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशान देखा जा रहा है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि बिना किसी पूर्व सूचना के लिये इस तरह लाइट का बंद हो जाना कई तरह की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब गर्मी के शुरूआत में यह स्थिति है तो आने वाले दिनों में किस तरह बिजली की आपूर्ति हो पायेगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उक्त क्षेत्र दक्षिण बिजली संभाग अंतर्गत आता है।

पहले ग्रामीण अंचलों में इस तरह की समस्या बिजली विभाग की तरफ आती थी, लेकिन अब शहर से लगे पॉश रिहायशी इलाकों में बिजली की आंख मिचौली लोगों का जीना मुहाल कर रही है। शिकायत सुनने वाला कोई नही है। एक तरफ बिजली वितरण कंपनी दावा करती है, लोगों को चौबीस घंटे बिजली की सप्लाई की जायेगी, लेकिन वास्तविक में ऐसा नही है। धरातल पर स्थिति उलट है। कब बिजली चली जाये और कितनी देर बाद आयेगी, इसे लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस तरफ बिजली वितरण कंपनी के आला अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है ताकि आम उपभोक्ताओं की समस्या को नियंत्रित किया जा सके।

## दुकानों का बकाया किराया राशि जमा न करने पर आवंटन होगा निरस्त : निगमायुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में जोरशोर से नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सम्पत्तिकर, जलकर, के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क के अलावा भवनों एवं नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया भी जमा कराया जा रहा हैं।

निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह प्रतिदिन राजस्व वसूली अभियान को गति प्रदान करने कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कार्रवाई के अंतर्गत बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार उन सभी दुकानदारों को 24 घंटे का नोटिस जारी किया गया है जिनके द्वारा अभी तक बकाया किराया जमा नहीं किया गया है।

इस संबंध में बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बकाया किराया जमा नहीं किया जाता है तो दुकान आवंटन निरस्त कर कब्जा लेने तथा दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने बताया कि नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं।




निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की आवंटन निरस्त एवं तालाबंदी जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

**बकाया सेवा प्रभार की राशि का भुगतान न करने पर रेल्वे प्रशासन के विरूद्ध नगर निगम द्वारा की जायेगी कार्रवाई-** बकाया करों की वसूली के लिए नगर निगम द्वारा संभागवार वार्डवार अभियान चलाने के साथ-साथ सभी शासकीय कार्यालयों से भी सेवाप्रभार की बकाया राशि जमा कराने की कार्रवाई की जा रही है।

वसूली अभियान में रेल्वे प्रशासन को छो?कर शेष सभी शासकीय कार्यालय निगम प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान कर रहे हैं और बकाया सेवाप्रभार की राशि का भी नियमानुसार भुगतान किया जा रहा है। उक्त के संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत शासन के द्वारा जारी किये गए दिशा निर्देशों तथा माननीय सर्वोच्चय न्यायालय के द्वारा 19 नवम्बर 2009 को पारित आदेश में जो दिशा निर्देश प्रदान किये गए थे उनके अनुसार रेल्वे प्रशासन से सेवा प्रभार की बकाया राशि 7 करो? 36 लाख 46 हजार 7 सौ 67 रूपये वर्ष 2024-25 की स्थिति में बकाया है।

अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च 2025 को मंडल अभियंता मुख्यालय पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर को बकाया सेवा प्रभार की राशि जमा करने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा है कि 28 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे अपर आयुक्त कार्यालय में उपस्थित होकर रेल्वे प्रशासन के पदाधिकारी अपना पक्ष रखें और सेवा प्रभार की बकाया राशि जमा करें अन्यथा नगर निगम प्रशासन एक पक्षीय रेल्वे प्रशासन के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए पूर्ण रूप से रेल्वे प्रशासन की जिम्मेदारी होगी।

## 31 मार्च को हिन्दू सेवा परिषद् गदा यात्रा निकालेगी




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हन्दू सेवा परिषद् के त्रयोदश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नव संवत्सर 2082 के उपलक्ष्य में आगामी 31 मार्च को गदा यात्रा एवं हिन्दू धर्म सभा का आयोजन होने जा रहा है। उक्त विषय में सभी पत्रकार बंधुओं से चर्चा करने हेतु पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण आयोजन की समुचित जानकारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान की गई है। वार्ता में परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानीए महानगर अध्यक्ष गौरव साहू एवं समस्त पदाधिकारी गण मंचासीन है।

**यहां से निकलेगी यात्रा**– हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष जेसवानी ने बताया कि 31 मार्च 2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे नौद्रा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, बड़ा फुहारा, लार्डगंजल्सुपर मार्केट मालवीय चौक में धर्मसभा के रूप में सम्पन्न होगी, यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संस्कारधानी के समस्त संतो की अगुवाई में महाआरती कर भगव ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की जायेगी, 31 मार्च को गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार भरी जाएगी तथा सहारनपुर उत्तर प्रदेश से पधारे दीपांकर स्वामी हिंदुओं से हिंदू होने की भिक्षा मांगेंगे।

**नगर की पहचान बनी यात्रा**

यह भी बताया कि गदा यात्रा संस्कारधानी की पहचान बन चुका है तथा यह गदा यात्रा पुनः ऐतिहासिक बनेगी जिसमें संस्कारधानी के परमपूज्य संत महात्माओं की विशेष उपस्थिति के अलावा भारत वर्ष से मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता दीपांकर स्वामी कार्यक्रम में उपस्थित होगी। दीपांकर स्वामी उत्तर प्रदेश राज्य के जिला सहारनपुर से जबलपुर पधारंग जओ विगत 295 दिनों से भिक्षा मांग रहे हैं, गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण फिट का मिट्टी का भगवा गदा बेलगाड़ी में रहेगा। गदा यात्रा में गदा के अलावा 5 दुर्लभ झारिया बैण्ड बाजेश्ढोल एवं भगवा ध्वज यात्रा में रहेगें। गदा यात्रा में॥ हजार से भी अधिक श्रीराम भक्त शामिल होगें, यात्रा में 9 प्रखण्डों से भक्तगण नौहरा ब्रिज स्थित श्रीराम मंदिर में एकत्रित होगें। यह गदा यात्रा निकालने का उद्देश्य रहता है कि हिन्दू की एकता का संदेश समाज तक पहुंचे तथा हिन्दू का शक्ति प्रदर्शन सदैव उच्च स्तरीय हो।

**यह रहे उपस्थित-इस मौके पर** जेसवानी, गौरव साहू, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, उत्कर्ष रावत, अक्षय झा. निखिल कनौजिया, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक अहिरवार, एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## वी क्लब मुस्कान का 'उड़ान सपनों की' कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया के वी क्लब मुस्कान के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया की आधिकारिक यात्रा एवं एरिया 5 की कॉन्फ्रेंस उड़ान सपनों की कार्यक्रम आयोजित हुआ।

एरिया कॉन्फ्रेंस में एरिया ऑफिसर उषा जैन ने विशिष्ट सेवाकार्यों के लिए क्लबों को पुरुस्कत किया। पुरस्कार की कड़ी में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के लिए सुधा यादव, विभिन्न गतिविधियों में नर्मदा क्लब, जबालि क्लब को पुरस्कृत किया गया।

सचिव प्रतिवेदन किरण जैन ने व्यक्त किया। इस मौके पर पीडीपी किरण जैन, पीडीपी रीना गुप्ता, वीडीपी मनीषा सोनी, ज्योति जैन, रश्मि गुप्ता, मधु जैन, इंद्रा जैन, संगीता, राजकुमारी, अंजना, मधुलिका, रश्मि श्रीवास्तव, अंचला, शालिनी सक्सेना, राखी त्रिवेदी का सहयोग रहा।

## रैम्प वॉक में दिखा फैशन का जलवा सेलिब्रेटीज स्टाइल में कैटवॉक

### ऑल इंडिया लीनेस जबलपुर क्लब का होली मिलन समारोह





**जबलपुर, देशबन्धु।** रैम्प वॉक राउंड में क्लब मेंबर्स ने फैशन का जलवा दिखाया। सेलिब्रेटीज स्टाइल में सधे हुए कदमों के साथ लेडीज मानो सुपर मॉडल की तरह कैटवॉक कर रहीं थीं। फैशन शो राउंड में क्लब मेंबर्स ने अपना यह हुनर भी दिखाया। ऑल इंडिया लीनेस जबलपुर क्लब के तत्वावधान में फैशन शो और होली मिलन समारोह आयोजित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। यह प्रस्तुतिकरण मंगला सिंघई, श्रद्धा साहू, सुनीता जाटव ने किया।

**गेम्स, फूड और अट्रैक्टिव प्राइज**– आयोजन में तरह-तरह के गेम्स और मनोरंजक एक्टिविटी का आयोजन हुआ। इसके साथ ही डांस, म्यूजिक और फनी एक्टिविटी खास रहीं। कार्यक्रम में फूलों की होली खास रही। इसके साथ ही सभी ने एक दूसरे पर रंग गुलाल बरसाया। इस मौके पर मौली जैन, अरुणा विश्वकर्मा, सचिव अर्चना साहू, कोषाध्यक्ष अर्पिता ओसवाल, गरिमा कोमल गर्ग, सुषमा साहू, कंचन विश्वकर्मा, कंचन शर्मा, कल्पना नामदेव, शालिनी जैन, रचना जैन, निधि जैन, वर्षा सिंह, विद्या जैन, सुषमा, सुनीता बर्नीवाल मौजूद रहीं।

## अभिव्यक्ति का माध्यम है रंगमंच




### आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। आयोजन में वरिष्ठ रंगकर्मी सीताराम सोनी ने रंगकर्म से जुड़े पचास वर्ष के अनुभव को साझा कर कहा कि आधुनिक समय में थिएटर एक शक्तिशाली माध्यम है, जो सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ शिक्षा और सांस्कृतिक समझ को बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में तीस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी राजकुमार कामले ने प्रतिभागियों को नाटक के विभिन्न पक्षों से अवगत कराया, इसके साथ ही मणिपुरी युद्ध कला थांग टा का प्रशिक्षण भी दिया।

### अभिव्यक्ति व संवाद कला में माहिर होना जरूरी

कार्यशाला में प्रतिभागियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि शारीरिक अभिव्यक्ति, संवाद, कल्पनाशीलता, जागरूकता, टीम वर्क, पात्र चित्रण, मंच सज्जा, रूप सज्जा, दृश्य कार्य, नाटकों के प्रकार, पटकथा पाठन और विश्लेषण तथा अभिनय की विभिन्न तकनीक समझाई गई। आयोजन में संस्था अध्यक्ष आदेश सिंह, सचिव रजनीश यादव मौजूद थे। समापन के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## हम सब ने यह ठाना है, शहर को स्वच्छ बनाना है



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तीन दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला आयोजित की गई। इसके साथ ही पॉलिथिन मुक्त परिसर एवं स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वयंसेवकों ने रादुविवि प्रशासनिक भवन, राजशेखर भवन, विक्रम साराभाई भवन, विज्ञान भवन, सरस्वती विहार, पचपेड़ी, साउथ सिविल लाइन के मुख्य मार्ग में श्रमदान और जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हम सब ने यह ठाना है, शहर को स्वच्छ बनाना है। शहर को स्वच्छ कौन करेगा, हम करेंगे हम करेंगे, प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पानी और पॉलीथिन के नारे लगाए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. प्रज्ञा दुबे, डॉ. शिव चंद्र वलके, अरविंद लोधी, अभिलाषा चौधरी, दीक्षा सोनी, का सहयोग रहा।

## प्रदेश सरकार ने जनता को खुशहाल बनाने बजट पेश किया : अभिलाष पाण्डे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल एवं प्रभावी नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश के निरंतर विकास और जन जन के जीवन से जुड़े विषयों पर अनेक निर्णय लिए गए एवं प्रत्येक नागरिक के लिए अनेकों जनकल्याणकारी सौगातें एवं जनहितैषी कार्यो को संपादित किया गया।

यह बात पत्रकार वार्ता में डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि सरकार के द्वारा सभी क्षेत्रों में जिनमें प्रमुख रुप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सेवा और संस्कार हैं इसके अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का समर्थन करते हुए अपनी बात रखी एवं विधानसभा के पटल पर प्रदेश से जुड़े एवं प्रमुख रूप से उत्तर मध्य विधानसभा से जुड़े अनेकों जन सामान्य से जुड़े मुद्दों को पूरी प्रखरता और गंभीरता के साथ उठाया गया एवं संबंधित मंत्रालय एवं मंत्रियों से सवाल किए गए।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, लवलीन आनंद, के साथ ही अन्य पार्टी के जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 28 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र-पू. भा.।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क–

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## उच्च पद प्रभार प्राप्त शिक्षकों का पदनाम अंकित किया जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उच्च पद प्रभार प्राप्त शिक्षक चाहे वो सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी प्राप्त शिक्षक , प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक प्राप्त शिक्षक हो या उच्च श्रेणी शिक्षक से व्याख्याता पद प्राप्त शिक्षक या फिर माध्यमिक शिक्षक से वर्ग एक प्राप्त शिक्षक हो जब इनकी जानकारी हो या अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हो उसमे इनका नवीन पदनाम जो उन्हें उच्च पद प्रभार में मिला है वो अंकित किया जाना चाहिए, जबकि अभी उनका पुराना पदनाम जैसे सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक या फिर माध्यमिक शिक्षक ही लिख कर आ रहा है।

## विराट धर्मसभा से होगा श्रीराम शोभायात्रा का विश्राम

### रामनवमी पर सनातन धर्म महासभा जबलपुर की 46 वीं शोभायात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीराम नवमी 6 अप्रैल को सायं 6 बजे सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में 46 वीं शोभायात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। आचार्य वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे ने कहा कि हर घर श्रीराम जन्म शोभायात्रा के लिए आमंत्रित कर, सहभागिता सुनिश्चित करना होगा।

अनिल तिवारी, पवन पांडे ने कहा कि सनातन धर्म तिराहा मोटर स्टैंड से विश्राम स्थल गोविंदगंज रामलीला मैदान तक भव्य स्वागत अगवानी होगी। समापन अवसर पर विशाल धर्म सभा होगी जिसमें संत महात्माओं के आशीर्वचन होंगे। विजय सरावगी, राकेश पाठक ने कहा कि शोभायात्रा में शामिल हर सनातनी परंपरा के संवाहक का स्वागत किया जायेगा। सनातन धर्म महासभा जबलपुर की कटरा वाले हनुमान मंदिर श्री गोविन्दगंज रामलीला समिति मिलौनीगंज की बैठक में

आचार्य श्री वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे, अनिल तिवारी, श्याम साहनी, के के बस्सी, अरूण दुबे, विजय सरावगी, बी बी शर्मा, रमेश शर्मा,पवन पांडे, दीपक अग्रवाल, विष्णु पटेल, राजीव गोयल, गुड्डू दुबे, अजय तिवारी, राजेन्द्र महाराज,राजेश पाठक, सुभाष बिलैया,विध्येश भापकर सहित राम भक्त जनों की उपस्थिति रही।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी**– लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री राम अवतार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दसोदा बाई अहिरवार– सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री विशाली अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती दसोदा बाई अहिरवार (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा श्रीवास**– शास्त्री विहार सिविल लाइन निवासी श्री नर्बदा प्रसाद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा श्रीवास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इत्तो बाई**– सेठीनगर कुम्हार मोहल्ला गुप्तेश्वर निवासी श्री पंचम लाल की धर्मपत्नी श्रीमती इत्तो बाई (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुकरानी सिंह ठाकुर**– रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री अमृत सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुकरानी सिंह ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण कुमार गिरधर**– गुप्तेश्वर स्थित कोल माइंस आफिस के पीछे निवासी श्री कृष्ण कुमार गिरधर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. ज्योति मोटवानी**– आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री मोहन मोटवानी की पुत्री कु. ज्योति मोटवानी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भारत कुमार जायसवाल**– अमखेरा न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री भारत कुमार जायसवाल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्रपाल सिंह कटियार**– मातृछाया काम्पलेक्स चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री महेंद्रपाल सिंह कटियार (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनय साहू**– मदर टेरेसा नगर निवासी श्री सुशील साहू के पुत्र श्री विनय साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## जनरेटिंग कंपनी में दो दिवसीय इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के जबलपुर स्थित कार्यालयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता बनाने के लिए दो दिवसीय आईएसओ (इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन) आंतरिक ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देश पर जबलपुर स्थित समस्त कार्यालयों का आईएसओ क्वालिटी मैनेजमेंट प्रमाण पत्र लेने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

वर्तमान में पावर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया जा चुका है और अन्य कार्यालयों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन क्यों है जरूरी-क्यों आईएसओ के नियमानुसार प्रत्येक कार्यालय से एक अधिकारी व कर्मचारी को इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन लेना अनिवार्य है।

## अशोक कुमार सोनी आज सेवानिवृत्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय में निज सहायक के पद पर कार्यरत अशोक कुमार सोनी 42 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 28 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# बीच बचाव करने पर हंसिया से हमला कर हत्या

## आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर,देशबन्धु।** बीच बचाव करने पर आरोपी ने हंसिया से हमला कर वृद्ध की हत्या कर दी। पुलिस ने सूचना मिलने पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।



चरगवां थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी निवासी जीवन ठाकुर के घर पर मनीराम मरकाम तथा भगत सिंह उम्र 58 साल निमंत्रण में गये थे। उसके घर पर कोदू लाल पहले से उपस्थित थे। दोपहर लगभग ढाई बजे चाय-नाश्ता करने के बाद सभी बैठकर बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान जीवन ठाकुर तथा कोदू लाल के बीच वाद-विवाद हो गया। विवाद के कारण कोदू लाल घर से बाहर निकल गया। जिसके बाद जीवन ठाकुर घर से पलेहा हंसिया लेकर कोदू लाल के पीछे दौड़ते हुए गया। कोदू लाल को बचाने के लिए मनीराम मरकार तथा भगत सिंह उसके पीछे गये। दोनों ने शिव प्रसाद ठाकुर के घर के सामने जीवन ठाकुर को रोक तो वह उनसे विवाद करने लगा और हंसिया से भगत सिंह ठाकुर के सिर पर हमला कर दिया। हंसिये के प्रहार से भरत सिंह को सिर के दाहिने तरफ चोट आई थी।

जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने सूचना मिलने ने सूचना मिलने पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को रवाना कर दिया गया था। पुलिस टीम ने कुछ ही घंटे में आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हंसिये को बरामद कर लिया गया है।

# सिविल लाइन क्षेत्र में हवाई फायरिंग

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाईन क्षेत्र में प्रॉपर्टी विवाद के कारण दो पक्षों ने विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी,जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। सूचना पर घटनास्थल में पहुंची पुलिस को एक खाली कारतूस मिला है। पुलिस ने खाली कारतूस बरामद का प्रकरण को जांच में लिया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी नेहरू खंडाते ने बताया कि शाम लगभग सवा पांच बजे गोलछा अपार्टमेंट के समीप गोछला अपार्टमेंट के समीप फायरिंग होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम को एक खाली खोखा मिला था। जिसे जब्त कर करते हुए पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दी है। घटना के संबंध में किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई गई है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। सूत्रो के अनुसार इनोवा क्रिस्टा में आये एक प्रॉपर्टी डीलर व उनके गुर्गो का दूसरे पक्ष से विवाद हुआ था। इस दौरान शहर के एक उद्योगपति भी उपस्थित थे। गोली एक अधिवक्ता के पास से गुजरी थी और वह बाल-बाल बच गया। इसके पूर्व दोनों पक्षों में रजिस्ट्री कार्यालय में विवाद होने की बात भी सामने आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। ष

# पुस्तक मेले में उमड़ रही अभिभावकों की भीड

## डिस्काउंट के साथ मिली रही सभी सामग्री

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्रों को उचित दाम में कॉपी-किताब मिल सके,इस उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन के द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। दस दिवसीय पुस्तक मेले में बडी संख्या में अभिभावकों की भीड उमड रही है। पुस्तक मेले में यूनिफार्म,कॉपी-किताब तथा स्टेशनरी समान डिस्काउंट के साथ मिल रहे है। प्रशासन के द्वारा लगाए गए पुस्तक मेले में 57 दुकान लगी है। जिसमें एनसीईआरटी तथा सीबीएससी कोर्स के संचालित स्कूलों की किताबें उपलब्ध है। निजी स्कूल तथा पुस्तक विक्रेता की मोनोपोली तोड़ने में पुस्तक मेला कारगर साबित हो रहा है। इस पुस्तक मेला का आयोजन 25 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। पुस्तक मेले में कॉपी -किताब खरीदने के लिए अभिभावकों की जेब को राहत मिल रही है। मेले में डिस्काउंट के साथ उचित दाम में सामग्री मिलने के कारण लोग राहत महसूस कर रहे है।

केन्द्रीय विद्यालय वन एसटीसी सदर में पढने वाले कक्षा 6 वीं के छात्र राजवीर सिंह के पिता राजेश्वर सिंह ने बताया कि मेले में उचित दाम में सामग्री मिल रही है। मेले में दुकान से कम दाम में सामग्री मिल रही है। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन के द्वारा बताई गई दुकान से ही कॉपी-किताब खरीदने की बंदिश से अभिभावकों को राह मिली है। अभिभावक अमित नामदेव ने बताया कि कॉपी किताब की खरीदने में घर का बजट गड़बड़ा जाता था। पुस्तक मेला के आयोजन से राहत मिली है। निर्धारित दुकान मनमाने दामों में किताब बेचते थे। प्रशासन ने पुस्तक मेले का आयोजन कर उसकी नाक में नकेल कसने का काम किया है।

# झोपड़ी में लगाई आग, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्र में एक झोपडी में आग लगा दी। जिससे झोपड़ी जलकर खाक हो गई। पुलिस ने जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक खुशबू दाहिया पति अभिषेक उर्फ तोता दाहिया 23 वर्ष निवासी कारीवाह पनागर ने बताया कि उसकी झोपड़ी बड़ी नहर के किनारे ग्राम कारीवाह में बनी थी, जिसमें वह चाट-फुल्की का व्यवसाय करता था। इसी जगह पर पहले शैलू उर्फ शैलेष बर्मन की चाय पान का टपरा था, जो शैलू उर्फ शैलेष बर्मन के द्वारा उक्त जगह पर टपरा न लगाने पर खुशबू दाहिया के द्वारा अपनी चाट फुल्की बेचने के लिए कच्ची झोपड़ी बना रखी थी। बीती रात 10.30 बजे लगभग शैलू उर्फ शैलेष बर्मन पिता स्व. पूरनलाल बर्मन 26 वर्ष निवासी कारीवाह पनागर द्वारा झोपड़ी में आग लगा दी गई।



# प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जारी करने सरपंच ले रहा था रिश्वत

## लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना की राषि जारी करने के एवज में सरपंच रिष्वत की मांग कर रहा था। लोकायुक्त ने कार्यवाही करते हुए ग्राम बनखेड़ी सरपंच को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंग हाथ पकड। लोकायुक्त ने आरोपी सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

लोकायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार नागराज पिता स्व रामप्रकाश सिंह राजपूत, 36 वर्ष, ग्राम बनखेड़ी तिगड्डा, तहसील मझौली जिला जबलपुर ने शिकायत में बताया कि वह वाहनों में हवा भरने व पंचर बनाने की दुकान चलाता है। उसे मार्च



2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त का भुगतान प्राप्त हो चुका है। योजना की अगली समस्त किश्त का भुगतान करवाने के एवज में ग्राम सरपंच कमल प्रसाद पटेल द्वारा पांच हजार रूपये रिष्वत में मांगे गये थे।

इस संबंध में पीड़ित के द्वारा लोकायुक्त विभाग में शिकायत की गयी थी। शिकायत के सत्यापन करवाने पर सही गयी गयी थी। पीड़ित ने रिश्वत की रकम लेने के लिए ग्राम सरपंच को अपनी दुकान में बुलाया था। सरपंच ने दुकान में पहुंचने के बाद पीड़ित से जैसे ही रिश्वत की रकम पांच हजार रुपये ली,तभी पहले से तैनात लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथ पकड लिया।

लोकायुक्त ने आरोपी सरपंच के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1), 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल सदस्य में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल उपस्थित रहा।

# कार की टक्कर से तीन मजदूर घायल

## कुंडम इमलई क्षेत्र में हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुंडम थाना क्षेत्रातंर्गत इमलई के समीप एक तेज रफ्तार कार चालक ने पैदल जा रहे तीन मजदूरों को टक्कर मार दी। जिससे तीनों को गंभीर चोटे आई है, हालांकि कार चालक ने अपने ही वाहन से तीनों मजदूरों को उपचार के लिये जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने बताया कि दिनेश रैकवार उम 25 वर्ष निवासी संजय नगर कुण्डम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है। बीते दिवस वह एवं उसके साथी राजेश राव, गोविन्द रैकवार, बच्चू सभी सेंटिंग का काम करने के लिये बडखे़रा गये थे। दोपहर लगभग 1-30 बजे घर जाने के लिये साधन का इंतजार कर रहे थे, लेकिन साधन नहीं मिलने से हम चारों पैदल इमलई तरफ काफी दूर तक निकल गये एवं रोड किनारे खड़े होकर साधन का इंतजार कर रहे थे। उसी समय बडखे़रा तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 19 बीबी 0412 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राजेश राव, गोविन्द रैकवार व बच्चू को टक्कर मार दी। जिससे तीनों को चोटे आ गई। कार चालक की मदद तीनों घायलों को जबलपुर के विधान अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

**दो डिब्बे एक दूसरे के उपर चढ़े**

# गोसलपुर में भीषण ट्रेन हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे जोन के गोसलपुर रेलवे स्टेशन के समीप भीषण ट्रेन हादसा घटित हुआ। जबलपुर से कटनी की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन अनियंत्रित होकर पटरी से उतर गयी।

जिसके कारण दो डिब्बे एक दूसरे के उपर चढ गये। इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी तथा बडी संख्या में यात्री घायल हुई है। गंभीर रूप से घायल डेढ दर्जन व्यक्तियों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैसेंजर ट्रेन क्रमांक 00189 शाम लगभग पौने सात बजे पटरी से उतर गयी। जिसके कारण दो डिब्बे एक दूसरे के उपर चढ गये।

खतरा का सायरन बजते हुए रेलवे विभाग में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गयी थी। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल राहत व बचाव ट्रेन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। आरपीएफ,जीआरपी ने भी घटनास्थल में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया था। डिब्बे में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकालकर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गये थे। इस घटना में एक अज्ञात यात्री की मृत्यु हो गयी तथा बडी संख्या में यात्रियों को चोटे आई है। इस घटना के संबंध में पष्चिम मध्य रेलवे जोन के जनसंपर्क विभाग के बताया कि यह एक मार्कडील है।

# आर्मी मैं हू ट्रांसफर हो गया है अर्जेंट ट्रैक्टर बेचने के नाम पर पौने दो लाख ऐंठे

## ऑनलाइन विज्ञापन के झांसे में आये युवक को लगी चपत, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** फेसबुक व सोशल मीडिया पर अर्जेंट सामग्री बेचने का विज्ञापन देखकर एक युवक ने ट्रैक्टर खरीदने में अपनी सहमति दे दी।

जालसाज ने भी खुद को आर्मी मैन बताते हुए ट्रांसफर होने का हवाला देकर अर्जेंट में ट्रैक्टर बेचने का झांसा देकर अलग-अलग तारीखों पर युवक से एक लाख अस्सी हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये। युवक को न तो ट्रैक्टर मिला और न ही राशि। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत रांझी थाना पुलिस में दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि मड़ई निवासी 30 वर्षीय वीरेन्द्र कुमार चक्रवती रिछाई औद्योगिक संस्थान में मजदूरी करता है। 27 जून 2024 को मोबाईल में फेसबुक चलाते समय उसे ट्रैक्टर का विज्ञापन दिखा, जिस पर वीरेन्द्र ने कमेंट अपना मोबाईल नंबर भेज दिया। जिसके बाद जालसाज ने उसे अपने झांसे में लिया और खुद को आर्मी में होना बताते हुए कहा कि उसका ट्रांसफर जम्मू-कश्मीर हो गया है, इसलिये उसे अर्जेंट में ट्रैक्टर बेचना है। जालसाज के झांसे में आकर वीरेन्द्र ने अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग अकाउंट नंबर पर करीब एक लाख अस्सी हजार रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उसे न तो ट्रैक्टर मिला और न ही जालसाज ने फोन उठाया। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# गार्ड को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, 12 हजार मांगे

## चंगुल से छूटकर भागा युवक, तीन पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** गौर तिराहा में ऑटो का इंतजार कर रहे एक युवक को बाइक सवार बदमाश बैठाकर अपने साथ बिलहरी ले गये, जहां एक खाली मकान में उसे बंधक बनाया। इतना ही नहीं उसके साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए बारह हजार रुपए की मांग करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। इस बीच जब बदमाश मकान से बाहर निकले तो युवक बदमाशों को चमका देकर भाग निकला। जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा। गोराबाजार पुलिस ने रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक प्रवीण कुमार मार्टिन निवासी साई भूमि कालोनी सालीवाड़ा चौकी गौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रामपुर में प्रायवेट सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करता है। गौर तिराहा में ऑटो का इंतजार कर रहा था, इतने में परिचित का अंकित सालोमन अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटर साइकल से आया और उसे बिलहरी तक छोड़ देने की बात कहते हुए मोटर साइकिल में बैठकार ले गया। बिलहरी के पास खाली मकान में उसे ले जाकर सभी उसके साथ विवाद करने लगे। उसके पैर बाँध दिए और मारपीट करने लगे जिससे उसे चोटें आ गई। अंकित सालोमन 12 हजार रुपयों की मांग करने लगा। जिसके बाद फोन करके पिता को जानकारी देते हुए पैसा डालने के लिये बोला। फोन रखने के बाद अंकित सालोमन ने कहा अगर आज पैसे नहीं आये तो जान से खत्म कर दूँगा। इसके बाद उसकी पिटाई करने लगा। उसके चिल्लाने पर आवाज सुनकर कुछ लोग घर के बाहर आ गये तो वे तीनों थोड़ी देर के लिये बाहर चले गये, तभी वह पैरो की रस्सी को खोलकर दौड़कर बाहर भाग गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी चुरा ले गये चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रातंर्गत एक दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दान पेटी चुरा ले गये। सुबह जब श्रृद्धालू मंदिर पहुंचे तो उन्हें चोरी होने की जानकारी लगी। जिसके बाद लोग आक्रोशित हो गये। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे स्टेशन मार्ग भेड़ाघाट चौराहा में मां दुर्गा, गणेश जी और हनुमान जी का मंदिर है। प्रतिष्ठित दुर्गा मंदिर में रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर मंदिर गेट का ताला तोड़कर चौन से बंधी दान पेटी को उठाकर ले गया। सुबह पूजन के लिए मंदिर पहुंचे पुजारी ने देखा तो ताला टूटा हुआ मिला। दान पेटी गायब होने पर मंदिर समिति को सूचना दी गई है। समिति के पदाधिकारियों को कहना है कि बीते वर्ष नवरात्र से दान पेटी को खोला नहीं गया था। दानपात्र में अनुमानित 15 से 20 हजार रूपए होंगे। क्षेत्र में 3 माह में कई दुकान, मकान के ताले टूटे हैं, इसके साथ ही वाहन चोरी के मामले भी बढ़ रहे हैं। चोरी करने गया चोर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। फुटेज में चोर का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वह नीले रंग का पेंट पहने हुए है और उपरी बदन का हिस्सा बिना कपड़ों के है। संदिग्ध चोर की उम्र 45 साल के आसपास लग रही है। पुलिसे फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।




**भेड़ाघाट क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

# हाईकोर्ट ने स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा की शर्त पर लगाई रोक

## राज्य शासन को जवाब पेश करने दिया छह सप्ताह की मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने अंतरिम आदेश के जरिए स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा की शर्त पर रोक लगा दी है।

इसके साथ ही युगलपीठ ने मामले में राज्य शासन को जवाब पेश करने के लिये छह सप्ताह की मोहलत दी है। दरअसल, 2009 के निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 2011 में मप्र में यह अधिनियम लागू किया गया था। तब रजिस्टर्ड किराया नामा व सुरक्षा निधि और प्रत्येक वर्ष का मान्यता शुल्क ऐसे कोई भी




नियम निर्धारित नहीं किये गये थे। 20 से 25 वर्षों से संचालित स्कूल रजिस्टर्ड किरायानामा के कारण स्थाई रूप से बंद होने की कगार पर आ गये थे। 30 से 40 प्रतिशत स्कूल संचालकों ने नोटरी कृत किरायानामा लगाकर आवेदन किया, जिनकी मान्यता निरस्त हो रही हैं।

नए नियमों से लगभग सात से आठ हजार स्कूलों के बंद होने की संभावना है। जिनमें कार्यरत शिक्षक शिक्षिका व कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं। निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं।

उक्त सभी समस्याओं को मप्र प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष आनंद भागवत, प्रदेश सचिव अरविंद मिश्रा, सहसचिव अनुराग भार्गव, कोषाध्यक्ष मोनू तोमर, सलाहकार विकास अवस्थी, जबलपुर की ओर से चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता स्मिता वर्मा अरोरा ने रखा। उन्होंने निजी स्कूलों की समस्या हाईकोर्ट के समक्ष रखी। जिस पर गौर करने के बाद हाईकोर्ट ने सात मई 2025 तक छह जनवरी 2023 के राजपत्र अधिसूचना को स्थगित रखे जाने की अंतरिम व्यवस्था दे दी।

## पचास हजार जमा करने की शर्त पर सजा निलंबित

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने पचास हजार रुपये जमा करने की शर्त पर सजा निलंबित करने का आदेश दिया है। मामला आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोप से संबंधित था। न्यायालय ने अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा करने की राहत दी है।अपीलकर्ता सोहागपुर नर्मदापुरम निवासी अर्जुन चौहान की ओर से अधिवक्ता सीएल सेठी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता को आत्महत्या दुष्प्रेरण के प्रकरण में दोषी पाते हुए अधीनस्थ कोर्ट ने पांच वर्ष के कारावास की सजा सुना दी है। साथ ही ढ़ाई हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अपीलकर्ता का दावा है कि उसे प्रकरण में झूठा फंसाया गया है। आत्महत्या करने वाले अभिषेक मसीह के मृत्यु पूर्व कथन में उसका नाम उजागर नहीं किया गया था। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# शासकीय भूमि से सात दिन में हटाओं अतिक्रमण

## हाईकोर्ट ने दिये निर्देश वरना कलेक्टर के विरुद्ध होगी अवमानना की कार्यवाही


**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि सात दिन के भीतर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएं। यदि ऐसा न किया गया तो याचिकाकर्ता कलेक्टर उमरिया के विरुद्ध अवमानना याचिका दायर करने स्वतंत्र होगा।

याचिकाकर्ता उमरिया निवासी फूल सिंह चंदेल की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। जिन्होंने दलील दी कि पूर्व में कलेक्टर, उमरिया को एक शिकायत सौंपी गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि एनएच-43 के किनारे स्थित शासकीय भूमि में दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया है। कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद प्रशासन ने सिर्फ याचिकाकर्ता के निर्माण को गिराया, जबकि शेष दबंगों के निर्माण यथावत हैं। चूंकि याचिकाकर्ता अपने निर्माण पर हाईकोर्ट से यथास्थिति का आदेश पारित करा चुका था। अतः उसका निर्माण गिराना अनुचित था। जिनके पास ऐसा कोई आदेश नहीं था, उनके अतिक्रमण छोड़ दिए गए। याचिकाकर्ता की यही मांग है कि उसे मुआवजा दिया जाए और जिन्होंने वास्तव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाये। पूरे मामले का अवलोकन करने पर न्यायालय ने मुहं दिखाई पंचायत को आड़े हाथों लेते हुए उक्त निर्देश दिये।

# शराब के लिये रुपये न देने पर रेलवे अधिकारी को पीटा

## मदन महल क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के लिये रुपये न देने पर एक रेलवे अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिकारी ने मामले की शिकायत मदनमहल थाना पुलिस में दर्ज करायी है।



पुलिस ने बताया कि शिवनगर रेलवे क्रासिंग निवासी 34 वर्षीय विष्ण चड़ार जबलपुर रेलवे स्टेशन में डिप्टी सीटीआई के पद पर पदस्थ है। बीती रात वह अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, जैसे ही वे अपने घर के आगे मोड़ पर गौरैया प्लाट के पास पहुंचे, उसी समय मदनमहल निवासी शिवराज सिंह ठाकुर ने अपनी पल्सर मोटर साइकिल बीच रोड में अड़ाकर उन्हें रोक लिया और शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करने लगा। विष्णु ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी शिवराज ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उन्हें जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# पेंच टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ ब्लैक पैंथर



**सिवनी, देशबन्धु।** एमपी के सिवनी स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में दुर्लभ ब्लैक पैंथर (बघीरा) की उपस्थिति ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया है. काले रंग का यह तेंदुआ जंगल के बीच से सड़क पार करते हुए दिखाई दिया।

पर्यटकों ने इस नजारे को अपने कैमरे में कैद कर लिया. गर्मी में पानी की तलाश में ये दुर्लभ जीव सड़क पार करता दिखाई दे रहा है।पेंच टाइगर रिजर्व की विशेषता इसकी जैव विविधता है. यहां बाघ व ब्लैक पैंथर के अलावा तेंदुआ, भेड़िया, बाइसन, हिरण, बारहसिंगा, मोर, भालू, गौर व जंगली कुत्ते पाए जाते हैं। विभिन्न प्रजातियों के पक्षी भी यहां के पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध बनाते हैं।

द जंगल बुक के मशहूर किरदार मोगली की जन्मस्थली के रूप में विख्यात इस पार्क में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

बाघों के अलावा अब ब्लैक पैंथर का दीदार भी उन्हें आकर्षित कर रहा है. इस दुर्लभ जीव की उपस्थिति से पार्क में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

पार्क में यह काला तेंदुआ सामान्य तेंदुए के साथ भी स्वतंत्र रूप से विचरण करता है. रुडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध पुस्तक द जंगल बुक में वर्णित बघीरा को देखकर पर्यटक अचंभित हैं।



# राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिविन क्लब के स्वास्तिक केयर स्वस्थ नारी, सुखी परिवार

**पनागर, देशबन्धु।** .शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिविन क्लब के अंतर्गत सुकन्या स्वास्तिक केयर स्वस्थ नारी, सुखी परिवार स्वस्थ भारत की मुहिम पर श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं श्रीमती उषा मिश्रा द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की स्त्रियों में होने वाली गम्भीर बीमारियों और बच्चेदानी में होने वाले कैंसर के बचाव एवं रोकथाम के वारे में विस्तार से बताया तथा महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की डॉ. गायत्री मरावी के निर्देशन में संपन्न हुआ कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनी रहा।

## मस्जिद में हाफिज जी की दस्तार बंदी का जश्न

**पाटन, देशबन्धु।** माह ए रमजान की 27वीं रात को ही शब ए कदर की पवित्र रात मानी गई है। यह अल्लाह की खास रात है। शब का मतलब है पवित्र रात कदर का अर्थ सम्मान रमजान शरीफ के आखिरी अशरे से निजात छुटकारा जैसे हमारी जिदंगी में कोई चीज खास रहती है, चाहे पर्वत हो, नदी हो, परिन्दा हो या और कोई बात, इसलिए हर किसी रात में कोई खास रात होती है। इस दिन कुरान ए पाक का अवतरण हुआ जिसे तीस पारे बांटकर इंसान को जोजख से बचाने की नसीहत दी गई है। हर इंसान गुनाहों से बचे यह रात हजारो रात से बेहतर है। यह इबादत वाली रात है। जिससे अल्लाह हुजूर की इनायत बनी रहे हर रोजेदार गुरूर से बचे और जोजख की आग से निजात मिले। नगर की जामा मस्जिद,हसनैन मस्जिद बाजार में कुरान का पाठ पूरा करने पर तरावीह की नमाज के बाद हाफिज जी दस्तार बंदी कर उनका इस्तकबाल किया जायेगा।

# आग का तांडव : तीन एकड़ में लगी खड़ी फसल जलकर खाक



**उमरियापान, देशबन्धु।** ढीमरखेडा ब्लाक अंतर्गत ग्राम झारापानी में गुरुवार की दोपहर आग के तांडव से खेत में पकी खडी लगभग 3 एकड की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।दोपहर करीब 2 बजे शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है।

आग लगने की खबर पाकर ग्रामीण एवं किसान आग बुझाने के लिए दौड पड़े। लेकिन आग की उंची लपटों ने खडी फसल को अपने आगोश में लेकर खाक कर दिया। भीषण आग के तांडव के बीच गामीण लगातार आग बुझाने के प्रयास करते रहे। लोगों ने पेड की टहनियों और आसपास के खेतों के बोर चालू कर आग बुझाने मशक्कत करते दिखे।

साथ ही आग की लपटों को आगे बढने से रोकने के लिए ट्रेक्टर का भी सहारा लिया गया। इस दौरान जुताई के वक्त भीषण आग के तांडव की चपेट में आने से ट्रेक्टर बाल बाल बच गया। लगभग 2 घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है किसान बसंत यादव के खेत से आग लगी। वह तेजी से आगे बढते हुए किसान सुंदर यादव के भी खेत में पहुंच गई। दोनों सगे भाई है। देखते ही देखते इनकी खडी फसल जलकर राख हो गई।

### अग्निकांड पर टेंकरों से की जाए पानी की सप्लाई

जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर से अधिक दूरी होने के कारण क्षेत्र के गांवों में फायर बिग्रेड दल के पहुंचने में काफी वक्त लगता है। जिस पर ग्रामीणों का कहना है कि गामपंचायत स्तर पर गांव में उपलब्ध पानी के टैंकरों को भरकर रखे जाने और अग्निकांड की स्थिति में तत्काल उपयोग करने के निर्देश प्रशासन के द्वारा दिए जाए तो काफी हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है। फिलहाल गांव-गांव पेयजल सप्लाई के लिए रखे टेंकर खाली खड़े रहते है। लोगों के मुताबिक प्रशासन निर्देश जारी करें तो ग्रामपंचायते इसमें रूचि ले सकती है।

## सार-समाचार



### सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ निकलेगी विशाल वाहन रैली

**सिहोरा, देशबन्धु।** खितौला में विगत दिवस हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में हुई बैठक में शामिल हुए सभी सनातनियों ने 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को होने वाली विशाल वाहन रैली को भव्य बनाने के लिए अपने सुझाव प्रदान किए। इस बार यह कार्यक्रम सनातनी हिंदू महाकुंभ के रूप में मनाया जाएगा,विशाल वाहन रैली सुबह 9 बजे बाबा शाला सिहोरा से प्रारंभ होकर अपने पारंपरिक मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचेगी, जहां रैली में शामिल सभी सनातनी एकत्रित होकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे तत्पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा,उपस्थित हनुमान भक्तों ने 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे हिंदू नववर्ष को भी उत्साह के साथ मनाने के लिए समस्त हिंदू समाज से आग्रह किया कि इस नव वर्ष का स्वागत के दिन घर के दरवाजों में दीप प्रज्वलित कर सभी इष्ट मित्रों को बधाई दें साथ ही अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लहरा कर रंगोली से सज्जित करें।

### बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

**गोसलपुर, देशबन्धु।** चक्रवर्ती जन कल्याण महासंघ गोसलपुर की सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें की समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बैठक मे समाज के उत्थान के लिए अहम मुद्दों पर सहमति बनी एवं समाज को एक नई दिशा में मार्गदर्शन दर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में उपस्थित चक्रवर्ती जन कल्याण महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश चक्रवर्ती उपाध्यक्ष गणेश चक्रवर्ती सचिव बसंत चक्रवर्ती अमर चक्रवर्ती करण चक्रवर्ती राजू चक्रवर्ती सोनेलाल चक्रवर्ती लक्ष्मण चक्रवर्ती मुकेश चक्रवर्ती गोविंद चक्रवर्ती अनिल चक्रवर्ती राम विशाल कुमार गनपत चक्रवर्ती भगवानदास चक्रवर्ती ओमप्रकाश चक्रवर्ती शंकर संतोष चक्रवर्ती चक्रवर्ती किशन लाल चक्रवर्ती अरुण चक्रवर्ती हल्लू चक्रवर्ती सुरेंद्र चक्रवर्ती सुरजीत चक्रवर्ती विनोद चक्रवर्ती मनोज चक्रवर्ती संतु चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

### ईपीएस 95 के तहत न्यूनतम पेंशन 7500+ डीए, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा व अन्य मांगों के लेकर सौंपा ज्ञापन




**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ईपीएस 95 के तहत न्यूनतम पेंशन 7500+ डीए, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा व अन्य मांगों के समर्थन में आज भविष्य निधि कार्यालय विजय नगर जबलपुर में सैकडों की संख्या में पहुच कर बुजुर्गों ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व श्रममंत्री मनसुख मांडविया के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर एन ए सी संगठन की जबलपुर इकाई के संयोजक सोनकर, बलबंत सिंह गुर्जर, देवनारायण तिवारी, जीवन लाल गुप्ता,प्रेम खन्ना सहित सैकडो की संख्या मे गणमान्य बुजुर्ग शामिल रहे, जिसमे रापनि, हाथकरघा, वर्न क, बीड़ी मजदूर, निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के कल कारखानो के मजदूर उपस्थित हुए। विदित हो कि संगठित क्षेत्र मे कार्यरत कर्मचारियों के लिये जो भविष्य निधि के अंशदाता है। उनके लिये नवम्बर 95 में एक पेंशन योजना लागू की गयी थी, जिसके तहत नियोक्ता-कर्मचारी व केन्द्र सरकार के योगदानो को मिलाकर पेंशन देने की योजना बनाई गयी है। उसके तहत कहने को तो एक हजार रू , न्यूनतम पेंशन 2014 से दी जा रही है, लेकिन लाखो लोगों को आज भी एक हजार भी नही मिल रहे। ईपीएस 95 पेंशनर्स के राष्ट्रीय संगठन एनएसी द्वारा विगत आठ वर्षो से लगातार आंदोलन कर बुजुर्गों को सम्मान जनक पेंशन व उनकी स्वास्थ्य सुविधा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेंदूखेड़ा के कई गांवों में फैला चिकन पॉक्स

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के कई गांवों में चिकन पॉक्स (छोटी माता) का प्रकोप फैल गया है, जिससे ग्रामीणों के शरीर पर लाल फुंसियां हो रही हैं। शुरुआत में ग्रामीणों ने इसे सामान्य बीमारी समझा, लेकिन जब बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हुए, तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंची। बुधवार को तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य विभाग की टीम तेजगढ़ सेक्टर के प्रभावित गांवों में पहुंची, जहां उन्होंने मरीजों का उपचार किया और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया।

### 15 दिनों से फैल रहा संक्रमण

पिछले 15 दिनों से यह संक्रमण आधा दर्जन गांवों में फैल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। ग्रामीण इस बीमारी को देवी का प्रकोप मानते हैं और आमतौर पर इसे छोटी माता के नाम से जानते हैं। इसी वजह से उन्होंने



### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बांटी दवा

स्वास्थ्य विभाग को सूचना नहीं दी और निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे थे। जैसे ही मामला स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचा, तुरंत कार्रवाई की गई और प्रभावित गांवों में मेडिकल टीम भेजी गई।

### इन गांवों में मिले संक्रमित मरीज

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़ सेक्टर के ग्राम समदई, रेरियो, तेजगढ़, पतलोनी और मांड़नखेड़ा में बड़ी संख्या में लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिलते ही सीबीएमओ डॉक्टर आर.आर. बागरी अपनी टीम के साथ प्रभावित गांवों में पहुंचे और मरीजों को जरूरी दवाइयां और विटामिन ए की गोलियां दी।

### लक्षण और सावधानियां

चिकन पॉक्स होने पर पूरे शरीर पर लाल दाने निकल आते हैं और तेज बुखार हो जाता है। डॉक्टर बागरी के अनुसार, यह बीमारी एमआर (मेजर रूबेला) वैक्सीन न लगवाने के कारण होती है और अगर समय पर इलाज न किया जाए तो लकवा जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि अब मरीजों की स्थिति में सुधार है और गांवों में स्वच्छता और टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ताकि भविष्य में इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

# किसान की झोपड़ी में लगी आग

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के हटा तहसील में आने वाले मड़ियादो थाना क्षेत्र के निवास गांव में सुबह दस बजे एक किसान के कच्चे घर में आग लग गई। आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग बुझ पाती किसान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनट में पूरी झोपड़ी आग से घिर गई। घटना का कारण अज्ञात है और पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है।

निवास गांव निवासी किसान बलजु पिता करिया बंसल ने बताया कि उसके कच्चे घर में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग में घर के अंदर रखी नई बाइक, कृषि उपकरण, अनाज सहित अन्य घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गई। आग लगते ही आसपास के लोगों ने मोटर पंप की सहायता से पाइप लाइन डालकर आग की काबू करने का प्रयास किया,

### हवा से और भड़की लपटों ने मिनटों में कर दिया सब कुछ राख

लेकिन कच्चा मकान होने से हवा में आग और अधिक तेजी से फैल गई। इसमें किसानी उपकरण के साथ गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। अग्निकांड से करीब साढ़े तीन लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है।

घटना की सूचना मड़ियादो थाना पुलिस को दी गई। नायब तहसीलदार हटा के निर्देश पर पटवारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान के संबंध में जानकारी ली। गनीमत यह रही कि कच्चे मकान में घर का कोई सदस्य नहीं था। इससे कोई जनहानि नहीं हो पाई।

गांव में जैसे ही मकान में आग लगने की चर्चा हुई, बड़ी संख्या में बच्चे और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। किसी को इतना मौका ही नहीं मिल पाया कि बाइक और अन्य सामग्री को बाहर निकाला जा सके। बाइक में पेट्रोल होने के चलते आग भी तेजी से भड़की। पीड़ित किसान ने प्रशासन से जल्द मुआवजे की मांग की है।

# चलते कंटेनर में लगी आग, पाया काबू

**सौसर (पांढुर्ना), देशबन्धु।** सिल्लेवानी घाटी बंजारी माता मंदिर के पास नागपुर-छिंदवाड़ा रोड पर चलते ट्रक के कंटेनर में अचानक आग लगने की घटना सामने आई। ट्रक में रखे पार्सल में लगी आग तेज़ी से फैल रही थी, जिससे एक बड़े हादसे की आशंका थी। सौसर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना टल गई।



सूचना मिलते ही सौसर पुलिस के रूपलाल उइके अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ट्रक को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निर्णय लिया, जिससे सड़क पर किसी अन्य वाहन को नुकसान न पहुंचे।

इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई और जेसीबी मशीन की सहायता से कंटेनर का दरवाजा तोड़ा गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने के लिए पानी का छिड़काव किया और समय रहते ही आग पर नियंत्रण पा लिया। इस घटना में सौसर पुलिस की सूझबूझ और तत्परता ने एक बड़ी दुर्घटना टल गई अगर समय रहते यह कदम नहीं उठाए जाते, तो ट्रक में रखे सामान के साथ-साथ अन्य वाहन और यात्रियों को भी नुकसान हो सकता था।

स्थानीय लोगों और प्रशासन ने पुलिस व फायर ब्रिगेड की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाती है।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण प्रारंभ



**पनागर, देशबन्धु।** पीपीटी, वीडियो व प्रॉजेक्टर स्क्रीन के जरिये पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की महत्ता प्रथम चरण 27 से 29 मार्च चलेगा, जिसका समापन 29 मार्च को होगा। पनागर परियोजना अंतर्गत चल रहे पोषण भी पढ़ाई भी के प्रशिक्षण सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले इस अभियान के तहत यह तीन दिवस प्रशिक्षण की निगरानी एवं मूल्यांकन परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग के द्वारा प्रशिक्षण कोर्स मास्टर ट्रेनर मुकुल प्यासी, स्नेहा पटेल, अंकिता धोखे के द्वारा ईसीसी गतिविधियों के बारे मैं जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण से चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों मैं पोषण भी पढ़ाई भी एक नया रूप लेकर आएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी आराधना गर्ग के निर्देश पर परिवेक्षक, मुकुल प्यारी, रश्मि पांडे,राजकुमारी जायसवाल, श्रीमति कल्पना सिंह, लक्ष्मी पंजाबी स्नेहलता पटेल, अकिता सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रही।



# फुलर मस्जिद में 25वां रोजा इफ्तार

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** फुलर मस्जिद में 25वा रोजा इफ्तार पार्टी कराया कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए मुस्लिम समुदाय के रोजदार भाईयो ने इफ्तार कर रोजा खोल कर सभी के लिए दुआ मांगी कोमी एकता की मिसाइल दिखी, जिसमें शामिल हुए जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, परमलाल अहवसी, दुर्जन पटेल,राजेंद्र बन्धु, ब्लॉक अध्यक्ष राम बाबू, जल्लू भाईजान, इंजी, शेख़ शाहिद, पारेक खान, अमीन, मेहबूब भाईजान,इमरान भिटा, राजू सेठ, मोनू, रविंद्र शमिल रहे।

# जनहित के लिए अपने निकायों में नवाचार करे जनप्रतिनिधि : अजय जामवाल

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की नगर परिषद,जनपद पंचायत और जिला पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अपने निकाय के जनता के हित से जुड़े कार्य करते हुए ऐसे नवाचार करना चाहिए जिसका अनुसरण बाकी लोग भी करे तब आपकी पहचान एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में होगी,यह बात भाजपा के क्षेत्र संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जबलपुर संभाग के निकायो के जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उक्त बैठक में सागर संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी,भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर,ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जामवाल ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण




### भाजपा क्षेत्र संगठन मंत्री ने संभाग के निकाय जनप्रतिनिधियों को किया संबोधित

निकाय के चुने हुए जनप्रतिनिधि जिनमें पंच, सरपंच, पार्षद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का सीधा संपर्क जनता से होता है और अपनी छोटी छोटी समस्याओं के लिए आपके पास आते है जनता अपने जनप्रतिनिधि से ही उम्मीद करती है इसीलिए जन समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है। आपकी जिम्मेदारी बनती है कि उन्हे आपके माध्यम से राहत मिले, साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य भी आपके द्वारा ही नीचे तक हो सकता है। इस हेतु आपकी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है। आगे उन्होंने बताया कि 30 मार्च को मन की बात कार्यक्रम,6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम को बूथ स्तर पर मानने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि में हर कार्यकर्ता का योगदान हो इस पर प्रमुख रूप से चर्चा की जाना चाहिए। संभाग के जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,नगर पालिका एवं नगर परिषद के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## दक्षिण कोरिया के जंगल में नहीं थम रही आग से तबाही , 26 लोगों की मौत, 30 घायल

**सोल, ( आईएएनएस )।** दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नॉर्थ ग्योंगसांग में लगी अब तक की सबसे बड़ी जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मी हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस आग में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगी जंगल की आग ने भारी तबाही मचाई है और लगभग 36,000 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। यह आग 2000 में पूर्वी तट पर लगी जंगल की आग से लगभग 13,000 हेक्टेयर ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। उस समय की आग में 23,794 हेक्टेयर जंगल जल गया था। लगभग 37,000 लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं, जिनमें उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के उइसियोंग और अंडोंग इलाकों के 29,911 लोग शामिल हैं। इससे पहले कार्यवाहक दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति हान डक-सू ने कार्यवाहक आंतरिक मंत्री की-डोंग को उत्तर ग्योंगसांग प्रांत में रहकर आग पर काबू पाने तक प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों की देखरेख करने का आदेश दिया। हान ने कहा, यह बहुत चिंता की बात है कि पीड़ितों में से कई बुजुर्ग लोग हैं, जिनमें नर्सिंग अस्पतालों के मरीज भी शामिल हैं।

# पाक में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चीन चिंतित

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षा स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ऐसे में चीन ने एक बार फिर अपने नागरिकों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चीनी नागरिक वर्तमान में चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

**चीनी नागरिक सीपीईसी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में कर रहे काम**

बढ़ते खतरों के बीच, चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी को दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में आयोजित बोआओ फोरम फॉर एशिया (बीएफए) के वार्षिक सम्मेलन में इस्लामाबाद के सदाबहार दोस्त को घरेलू सुरक्षा स्थिति के बारे में समझाने के लिए हताशाजनक प्रयास करते देखा गया।

हाशमी ने बोआओ में कहा कि मुझे लगता है कि हमारे दोनों देश सूचना साझा करने और मानक संचालन प्रक्रियाओं को विकसित करने के मामले में बहुत निकटता से काम करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिक सुरक्षित हैं। हाशमी ने माना कि पाकिस्तान में जटिल



**पाक में आतंकवादी ताकतों का मुकाबला करने व उन्हें हराने की क्षमता है : खलील हाशमी**

सुरक्षा स्थिति है लेकिन कहा कि देश में आतंकवादी ताकतों का मुकाबला करने और उन्हें हराने की क्षमता है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि हम अपने चीनी मित्रों को हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में सूचित करते रहते हैं। बलूचिस्तान और केपी प्रांतों में अलग-अलग हमलों में चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

बीजिंग अपने नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर काफी चिंतित है, खास तौर पर अक्टूबर 2024 में कराची में एक आतंकी हमले के बाद से जिसमें चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे एक काफिले को निशाना बनाया गया था। हमले में कम से कम दो चीनी इंजीनियर मारे गए और एक दर्जन अन्य घायल हो गए।

प्रतिबंधित उग्रवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर कंपनी में काम करने वाले चीनी कर्मचारियों पर हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिन्हें जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हुए विस्फोट में निशाना बनाया गया था। बोआओ में पाकिस्तानी राजदूत ने सुरक्षा पर चीनी चिंताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद देश में चीनी श्रमिकों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। बीएलए ने पाकिस्तान सरकार पर चीन के साथ मिलकर बलूचिस्तान के समृद्ध संसाधनों का दोहन करने का आरोप लगाया है।

## पाकिस्तान को ट्रंप ने दी झिड़की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने फैसलों से कई देशों को टेंशन दे रहे हैं। अब उन्होंने चीन और पाकिस्तान को झटका दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने 70 से अधिक कंपनियों को व्यापार प्रतिबंध सूची में डाल दिया है। इनमें चीन, पाकिस्तान, यूएई सहित कई देशों की कंपनियां शामिल है। अमेरिका इस फैसले की वजह राष्ट्रीय सुरक्षा को कारण बता रहा है। वाशिंगटन उन कंपनियों को टारगेट कर रहा है जो चीन, रूस और ईरान के हथियार कार्यक्रमों में मदद कर रही है। अमेरिकी पाबंदियों की वजह से पाकिस्तानी कंपनियों के लिए इंटरनेशनल व्यापार मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह पाबंदियां किसी सदमे से कम नहीं है। देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसमें उच्च मुद्रास्फीति, मुद्रा का अवमूल्यन, तथा कम विदेशी मुद्रा भंडार शामिल हैं। देश में खाद्यान्न, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। जिससे आम नागरिकों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

## पाकिस्तान में सिंधु नहर परियोजनाओं पर सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार

**सिंध।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी सिंधु नदी पर छह नई नहरें बनाने की सरकार की योजना के विरोध में आ गई है। इन नहरों के निर्माण के विरोध में सिंध प्रांत में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। एक रैली को संबोधित करते हुए, पीपीपी के सिंध अध्यक्ष निसार अहमद खुहरो ने कहा कि उनके विरोध के अगले चरण में प्रांत के सभी तालुकाओं में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। खुहरो ने धमकी दी कि अगर केंद्र सरकार परियोजना को रद्द नहीं करती है तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर देंगे। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खुहरो के हवाले से कहा कि जब तक संघीय सरकार चोलिस्तान और अन्य नहरों के निर्माण की योजना को वापस नहीं ले लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गठबंधन में बढ़ते आंतरिक संघर्ष और विरोधाभासी रुख के बीच, पीपीपी-सिंध के अध्यक्ष ने पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की और इसे तानाशाही संघीय सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि संघीय सरकार ने किसी भी संवैधानिक मंच की मंजूरी के बिना पंजाब प्रांत में चोलिस्तान नहर का निर्माण शुरू करके तानाशाही की याद को फिर से ताजा कर दिया है। इस बीच, सिंध प्रांत के सभी बड़े और छोटे शहरों में आयोजित रैलियों में सभी क्षेत्रों के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

## आज का इतिहास

1910- फ्रेंच इन्वेंटर हेनरी फाबरे ने दुनिया का पहला सी-प्लेन कैनार्ड बनाया, जिसने 457 मीटर लंबी उड़ान भरी थी।

1930- तुर्की में यूरोपीय मॉडल को अपनाते हुए आधुनिकीकरण की हवा चली। उद्योगों के विकास के बीच राजधानी अंगोरा को अंकारा और प्रमुख शहर कॉन्सटैंटिनोपल को इस्तांबुल नाम दिया गया।

1939- जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने पोलैंड के साथ एक-दूसरे पर आक्रमण नहीं करने संबंधी पांच साल पुराने समझौते को तोड़ा।

1959- चीन ने तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया।

1965- मार्टिन लूथर किंग ने अश्वेत अमेरिकियों के लिए समान अधिकारों की मांग करते हुए और उनकी समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए अलाबामा की राजधानी मांटगुमरी में विशाल मार्च निकाला।

1979- अमेरिका के पेन्नसिलवेनिया के थ्री माइल आइलैंड परमाणु संयंत्र से रेडियोधर्मी विकिरण हुआ।

## सुडोकू 6865

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 2 | | 1 | |
| 1 | 8 | | | | 7 | | | |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| 8 | 9 | 5 | | 3 | | 1 | | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | 5 | 8 |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | 9 | 1 |
| | 3 | | 9 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# पुतिन भारत आ रहे हैं, यात्रा की तैयारियां चल रही हैं - लावरोव

**मॉस्को,( आईएएनएस )।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत- रूस के बीच राजनीतिक वार्ता गतिशील रूप से विकसित हो रही है, इसमें यह तथ्य प्रमुख है कि मॉस्को और नई दिल्ली %उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर मिलते-जुलते विचार रखते हैं।

लावरोव ने कहा, हमारे देशों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है। यह कहा जा सकता है कि वे समय की कसौटी पर एक से अधिक बार खरे उतरे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रूस और भारत-द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नए एजेंडे की ओर में भाषण दे रहे थे। इस सम्मेलन को विदेश



मंत्री एस जयशंकर ने भी संबोधित किया।

रूसी विदेश मंत्री ने कहा, यह प्रतीकात्मक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल दोबारा चुने जाने के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा पर रूस आते हैं। अब हमारी बारी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्र प्रमुख की भारत यात्रा की तैयारियां की जा रही हैं।

इससे पहले क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पुष्टि की थी कि प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर पुतिन 2025 की शुरुआत में भारत का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था, हमारे नेताओं के बीच साल में एक बार मिलने का समझौता है। इस बार, हमारी बारी है। रूसी राष्ट्रपति की पिछली भारत यात्रा 6 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। इस बीच, पीएम मोदी ने पिछले साल रूस की दो हाई-प्रोफाइल यात्राएं कीं, जुलाई में 22वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लिया और बाद में अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

# जलवायु परिवर्तन पर चीन और फ्रांस ने संयुक्त बयान जारी किया

**बीजिंग, ( आईएएनएस )।** पेरिस समझौते की 10वीं वर्षगांठ पर चीन और फ्रांस ने गुरुवार को जलवायु परिवर्तन पर एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान में जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने, बहुपक्षवाद को कायम रखने तथा पेरिस समझौते और उसके तापमान नियंत्रण लक्ष्य का दृढ़ता से समर्थन करने की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

तापमान नियंत्रण लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से भी कम तक सीमित करना और तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का प्रयास करना है।

बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि पेरिस समझौता वैश्विक हरित और निम्न-कार्बन परिवर्तन की सामान्य दिशा का प्रतिनिधित्व करता है और इसने लगभग वैश्विक स्तर पर जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा दिया है। इसने पेरिस समझौते के कार्यान्वयन के बाद से जलवायु परिवर्तन से निपटने में हुई सकारात्मक प्रगति का स्वागत किया।


बयान के अनुसार, चीन और फ्रांस ने बहुपक्षीय ढांचे के भीतर आज के समय में प्रमुख चुनौतियों का उचित जवाब देने का वचन दिया है। कुछ देश वैज्ञानिक सहमति से पीछे हट रहे हैं और बहुपक्षीय



संस्थाओं से अलग हो रहे हैं, इससे हमारा संकल्प और मजबूत होगा तथा हमारी कार्रवाई और तीव्र होगी। दोनों पक्षों ने सर्वोत्तम उपलब्ध विज्ञान के आधार पर तथा विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सामूहिक कार्रवाई करने और उसे गति देने की आवश्यकता को दोहराया।

इसके अलावा, चीन और फ्रांस ने जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने का वचन भी दिया। दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्रवाई निवेश, वित्त पोषण, प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार, रोजगार, आर्थिक विकास आदि के संदर्भ में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अवसर ला सकती है, साथ ही, लोगों के जीवन स्तर और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, सभ्य कार्य, टिकाऊ खाद्य प्रणाली और सस्ती ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकती है।

## वर्ग पहेली 6865



**बायेंसे दाये:-**

१. तमिलनाडु सुप्रसिद्ध सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिस न्यायालय ने प्रतिबंधित कर दिया था
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेने या तनख्वाह लेने वाला
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र माह
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने या विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6864

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्य | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | २० स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की रूस यात्रा को लेकर तैयारियां जारी

**सोल, ( आईएएनएस )।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की रूस यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। रूस के एक मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मॉस्को में पत्रकारों से बात करते हुए, उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने कहा कि रूस किम की यात्रा की तैयारी कर रहा है। रूसी समाचार एजेंसियों तास और रिया नोवोस्ती ने यह जानकारी दी हालांकि उन्होंने यात्रा का सटीक समय की जानकारी नहीं दी।

रिपोर्ट के अनुसार, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी उत्तर कोरिया के साथ रणनीतिक वार्ता जारी रखने के लिए प्योंगयांग की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। किम की अगर दौरा होता है तो यह पिछले कुछ सालों में उनकी तीसरी रूस यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने 2019 में रूस के पूर्वी सीमावर्ती शहर व्लादिवोस्तोक और 2023 में अमूर क्षेत्र में वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम अंतरिक्ष केंद्र का



दौरा किया था। यह खबर 9 मई को रूस की 80वीं विजय दिवस वर्षगांठ के अवसर पर किम की संभावित रूस यात्रा के बारे में बढ़ती अटकलों के बीच आई। पिछले साल जून में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा किया था। उस समय, पुतिन ने शिखर वार्ता के लिए किम को मॉस्को आमंत्रित किया था। इस महीने की शुरुआत में, रुडेंको ने प्योंगयांग की यात्रा की, जहां उन्होंने उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोई सोन-हुई और उप विदेश मंत्री किम जोंग-ग्यू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उच्च और शीर्ष स्तर पर राजनीतिक संपर्क की व्यवस्था करने पर चर्चा की।

पिछले सप्ताह रूस के सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगु ने भी प्योंगयांग की यात्रा की और किम से मुलाकात कर उन्हें पुतिन का संदेश दिया। 22 मार्च को उत्तर कोरियाई नेता ने प्योंगयांग में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव शोइगु के साथ बैठक के दौरान यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया था। पिछले साल रूसी राष्ट्रपति की प्योंगयांग यात्रा के दौरान किम और पुतिन ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इससे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग बढ़ा है और परिणामस्वरूप रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती हुई है।

## रूस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है भारत : जयशंकर

**मॉस्को, ( आईएएनएस )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि गतिशील विश्व व्यवस्था की पृष्ठभूमि में भारत-रूस संबंध लगातार विस्तारित और प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। मॉस्को में %रूस और भारत- एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर% सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही। जयशंकर ने ने कहा कि भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी हुई है। भारतीय दूतावास के सहयोग से रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को विदेश मंत्री ने वर्चुअली संबोधित किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, भारत और रूस ने आपसी लाभ के लिए नए अवसरों को अपनाने और खोजने में योगदान करने की असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया है। विदेश मंत्री ने उल्लेख किया कि गतिशील साझेदारी और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के साथ भारत-रूस द्विपक्षीय संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीयता के युग में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा, मैं दोहराना चाहता हूं कि भारत रूस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। हम इस गहरी मित्रता को बढ़ाने और सहयोग के नए आयाम तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा भी संबोधित किया।

**समस्या** *सूडान के नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित, कहा*

# दाताओं द्वारा फंडिंग कटौतियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को किया बाधित

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)। सूडान में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों ने संयुक्त राष्ट्र को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसमें उत्तरी दारफुर के बाजार पर हुआ घातक हवाई हमला भी शामिल है, जिसमें दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि कल रात (सोमवार) उत्तरी दारफुर में, एल फशर से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित एक बाजार पर हवाई हमले में दर्जनों लोगों के हताहत होने की खबर है।**

उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र खार्तूम में बढ़ते हमलों को लेकर बेहद चिंतित है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां आबादी अधिक है। दुजारिक ने यह भी जानकारी दी कि रविवार को शाम की नमाज के दौरान पूर्वी खार्तूम में एक मस्जिद पर तोपखाने से हमला हुआ, जिसमें कई नागरिकों की मौत और कई लोग घायल हुए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक खार्तूम के जुड़वां शहर ओमदुरमन में भी भारी गोलाबारी की खबरें हैं, जिसमें नागरिकों के




हताहत की सूचना है। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघर्ष में शामिल सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की रक्षा करने और नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए हर संभव उपाय करने के अपने दायित्वों की याद दिलाता है। स्टीफन दुजारिक ने सूडान में स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहे असर की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि मुख्य दाताओं द्वारा शत्रुता और हाल ही में किए गए फंडिंग कटौतियों ने सूडान में स्वास्थ्य सेवाओं को बुरी तरह से बाधित किया है, जिसमें दारफुर क्षेत्र भी शामिल है। पिछले महीने में, सूडान में स्वास्थ्य सुविधाओं पर हुए हमलों में से लगभग आधे दारफुर में हुए थे।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य भागीदारों की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं में केवल एक से दो महीने की आपूर्ति बची हुई है, और उत्तर और दक्षिण दारफुर राज्यों में भारी कमी है। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके भागीदार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, भले ही फंडिंग की कमी और पहुंच संबंधी बाधाएं हों, जिनमें चल रही शत्रुता भी शामिल है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड दौरे से बाहर रह सकते हैं रोहित शर्मा

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की समाप्ति के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इस दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक कप्तान रोहित इस टेस्ट सीरीज से बाहर रह सकते हैं इंडिया टुडे को सूत्रों ने बताया कि रोहित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड दौरे का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। हालांकि, सूत्रों ने यह भी कहा कि विराट कोहली के टेस्ट टीम में अपनी जगह बरकरार रखने की पूरी संभावना है. कोहली भी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके थे।



# नूर, अश्विन व जडेजा के सहारे आरसीबी पर लगाम कसेगी चेन्नई सुपर किंग्स

■ आरसीबी के स्पिनर क्रुणाल व सुयश सीएसके के मध्यक्रम पर लगाम लगा सकते हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। अपने अफगानी लेग स्पिनर नूर अहमद, ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति के स्पिन के जाल के बूते चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर चेन्नै में 18 वीं आईपीएल में अपने दूसरे मैच में शुक्रवार को पहले मैच में अर्धशतक जड़ आरसीबी को केकेआर पर सात विकेट से जीत दिलाने वाले फिल साल्ट और विराट कोहली की सलामी जोड़ी पर लगाम लगा उसकी जीत का सिलसिला तोड़ लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

विराट कोहली और साल्ट ने जिस विश्वास से केकेआर के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की खतरनाक स्पिन जोड़ी और हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा और स्पेंसर जॉनसन की स्विंग व रफ्तार का सामना किया उससे इन दोनों के सीएसके के नूर, अश्विन और जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति से भी बेहतर ढंग से निपट आरसीबी के जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने की पूरी उम्मीद की जा सकती है। साल्ट, विराट, देवदत्त पड्डीकल ,कप्तान रजत पाटीदार व लियाम लिविंगस्टोन मैच की जरूरत के मुताबिक गियर बदल कर सीएसके की स्पिन त्रिमूर्ति के स्पिन के जाल को तोड़ आरसीबी को बड़े स्कोर तक पहुंचाने का दम रखते हैं। जितेश शर्मा, टिम डेविड और क्रुणाल पांड्या में भी मैच रनों की रफ्तार को बढ़ा कर आरसीबी को बड़ा स्कोर खड़ा करने और उसके पास पहुंचाने की कूवत हैं। अपने पहले आईपीएल खिताब की बाट जोह रही आरसीबी ने दमदार अंदाज में मौजूदा चैंपियन केकेआर पर उसके घर में सात विकेट से जीत दर्ज कर दिखाया इस बार वह अपनी अधूरी हसरत को पूरी करने को बेताब हैं। रचिन रवींद्र और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अर्द्धशतकों से पांच बार की चैंपियन सीएसके ने अपने घर चेन्नै में पांच बार चैंपियन रही मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर में पांच गेंद के बाकी रहते चार विकेट से हरा मौजूदा संस्करण में अपने अभियान का बढ़िया आगाज किया। चेन्नई सुपर किंग्स का मंत्र ही स्पिन टू विन है। सीएसके की पहले मैच में जीत में उसके अफगानिस्तानी लेग स्पिनर नूर अहमद (4/18), ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन (1/31) और रवींद्र जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति द्वारा बांटे पांच विकेट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद(3/29) के बूते मजबूत मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में 9 विकेट प 155 रन से रोका।

सीएसके पास चौथे स्पिनर के रूप में बाएं हाथ के रचिन रवींद्र भी हैं। मुंबई इंडियंस के नवोदित केरल के अनजाने स्पिनर अपनी पहली आईपीएल खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर विगनेश पुतुर ने जिस तरह मात्र 32 रन देकर चेन्नै सुपर किंग्स को चार विकेट से जीत के लिए जिस तरह आखिरी ओवर तक संघर्ष कराया।



### 'नूर बतौर स्पिनर हमारे एक्स फैक्टर'

'मेरे आउट होते ही स्थिति संभवत: तनावपूर्ण रही होगी। ऐसे मैच होते हैं जो बेहद करीबी और संघर्षपूर्ण हो जाते हैं लेकिन मैं खुश हूं कि हमारी टीम यह तनावपूर्ण मैच जीतने में कामयाब रही। मेरा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना हमारी सीएसके टीम की जरूरत है। इससे हमारी नई टीम को संतुलन मिलता है। राहुल त्रिपाठी शीर्ष पर आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं । मैं जरूरत के मुताबिक दोनों तरह खेल सकता हूं। हमारे स्पिनर कसौटी पर खरे उतरे। हम अपने स्पिनरों जुगलबंदी कर गेंदबाजी करते देखना चाहते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद दो बरस से बढ़िया गेंदबाजी कर रहे है। नूर बतौर स्पिनर हमारे एक्स फैक्टर है और अच्छा है वह हमारी टीम में है। धोनी पहले की तरह जवां हैं वह इस साल वह नेट में ज्यादा छक्के जड़ रहे हैं **: ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान सीएसके**

### 'आने वाले दिन भी कप्तान के रूप में बढ़िया रहेंगे'

'आरसीबी के कप्तान के रूप में केकेआर के खिलाफ आईपीएल में यह पहला मैच था और मेरे लिए दिन अच्छा रहा। उम्मीद करता हूं की कप्तान के रूप में आने वाले दिन भी मेरे लिए इसी तरह बढ़िया रहेंगे। जहां तक लेग स्पिनर सुयश को पारी में केकेआर के रसेल के खिलाफ उनका चौथा व आखिरी ओवर कराने की बात है तो हम तब रसेल का विकेट निकालना चाहते थे और ऐसे में उनका रन देना कोई मायने नहीं रखता क्योंकि वह हमारे स्ट्राइक बॉलर है। हमारी जीत का श्रेय हमारे स्पिनर क्रुणाल और सुयश को है उन्होंने संकल्प और जिगरा दिखाया। विराट कोहली मेरी कप्तानी में खेले और मेरे लिए यह गर्व की बात है। विराट बहुत समर्थन देते हैं और मेरे लिए श्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक विराट से सीखना वाकई एक बड़ा मौका था **: रजत पाटीदार, कप्तान आरसीबी**

# आईपीएल 2025: द्रविड़ को व्हीलचेयर पर देखकर फैंस हुए दुखी

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। राहुल द्रविड़ की कोचिंग में राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल 2025 की शुरुआत खराब रही है। पहले दो मैचों में दो हार के साथ आरआर -1.882 के नेट रन-रेट के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। आईपीएल 2025 से पहले द्रविड़ को एक क्लब चैरिटी मैच में खेलते समय पैर में चोट लग गई थी और वह अपने बाएं पैर पर बैंडेज के साथ आरआर कैंप में पहुंचे। यह दिग्गज खिलाड़ी फिलहाल बिना बैसाखी के नहीं चल पा रहा है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरआर की हालिया हार के बाद वह व्हील चेयर में मैदान के चारों ओर घूमते हुए नजर आए।व्हीलचेयर पर द्रविड़ की तस्वीर और वीडियो वायरल हो गया है। सोशल मीडिया यूजर्स इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और दुख व्यक्त कर रहे हैं।





■ आईपीएल 2025 से पहले द्रविड़ को एक क्लब चैरिटी मैच में खेलते समय पैर में चोट लग गई थी

आईपीएल 2025 से पहले आरआर ने सोशल मीडिया पर एक फोटो साझा की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, %मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बंगलूरू में क्रिकेट खेलते समय चोट लग गई। वह फिलहाल रिहैब में हैं और जल्द जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। इसके बाद उनकी सबसे पहली तस्वीर बैसाखी के सहारे चलते हुए आई थी। फैंस इसे देखकर चौंक गए थे। अभी भी फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। द्रविड़ की कोचिंग में भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान रह चुके हैं और 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सत्र बिताए थे। उन्होंने 2014 में रॉयल्स के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की थी। द्रविड़ ने इस साल की शुरुआत में मैदान पर वापसी की थी और 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप 1, डिवीजन 3 लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर फैंस का दिल जीता था।



## भारत को एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर ग्रुप-बी में मिली जगह




**कुआलालंपुर,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर महिला टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका मुकाबला थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ होगा।मलेशिया के एएफसी हाउस में गुरुवार को निकाले गए ड्रा के अनुसार थाईलैंड में 23 जून से 05 जुलाई के बीच होने वाले क्वालीफायर मुकाबले में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है। मैच 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रॉबिन प्रारूप में होंगे। प्रत्येक ग्रुप विजेता टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। जोकि एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में खेला जाएगा। छह मार्च 2025 को प्रकाशित फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर टीमों को पांच भागों में विभाजित किया गया है। महाद्वीप की शीर्ष प्रतियोगिता के 21वें सत्र के लिए आठ स्थान दांव पर लगे हैं जिसके लिए 34 टीम प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत चैंपियन चीन, उप विजेता दक्षिण कोरिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले जापान को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की शीर्ष छह टीमें फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# जिम्बाब्वे त्रिकोणीय टी-20, टेस्ट श्रृंखला की करेगा मेजबानी



**हरारे,** 27 मार्च (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे जुलाई से अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय टी-20 तथा इन दोनों टीमों के साथ दो-दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगा। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 14 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड से जुड़ेंगी। इस सीरीज में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से भिड़ेगी। शीर्ष दो टीमें के बीच 26 जुलाई को फाइनल खेला जाएगा।

■ इस सीरीज में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से भिड़ेगी

जिम्बाब्वे फिर से लाल गेंद वाले क्रिकेट की ओर लौटेगा। वह बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में न्यूजीलैंड के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा। यह 2016 के बाद से पहली बार होगा जब दोनों टीमें सबसे लंबे प्रारूप में आमने-सामने होंगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह वर्षों के बाद हमारा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र है और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए दुनिया की दो क्रिकेट महाशक्तियों के खिलाफ खुद को परखने का एक अवसर है।

### जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका

- पहला टेस्ट, 28 जून से दो जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- दूसरा टेस्ट, छह-10 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला
- पहला टी-20, 14 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- दूसरा टी-20, 16 जुलाई-दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- तीसरा टी-20, 18 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- चौथा टी-20, 20 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- पांचवां टी-20, 22 जुलाई-न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- छठा टी-20, 24 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- फाइनल, 26 जुलाई-नंबर 1 बनाम नंबर 2, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- टेस्ट मैच जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
- पहला टेस्ट, 30 जुलाई से तीन अगस्त - जिम्बाब्वे बनाम न्यू न्यूजीलैंड, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब

# चोटिल लैथम पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

■ लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे



**वेलिंग्टन,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लैथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये है। लैथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल के साथ टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि हमें इस दौरे में लचीलापन रूख रखना होगा क्योंकि कई खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से उपलब्ध नहीं थे। इससे अन्य खिलाड़ियों को अवसर मिले और पहली बार रीस मारियू को टीम में शामिल करना अच्छा लगा, साथ ही हेनरी का स्वागत भी हुआ।

## नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**अम्मान,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को हराकर कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा पदक है। जॉर्डन के अम्मान में बुधवार को खेले गये मुकाबले में 22 साल के नितेश ने तुर्कमेनिस्तान के अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9-0 से हराकर भारत के लिए दूसरा पदक पक्का किया। इससे पहले नितेश ने कजाकिस्तान के इलियास को 9-0 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के ओलंपिक चैंपियन मोहम्मदहादी सरावी से उन्हें 0-9 से हार का सामना करना पड़ा।

## गत चैम्पियन मीनाक्षी और अनामिका 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है । मौजूदा मिनिममवेट (45-48 किग्रा) चैंपियन मीनाक्षी (एआईपी) अजेय रहीं। उन्होंने दिल्ली की संजना को तीसरे राउंड में आरएससी जीत के साथ हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, लाइट फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) खिताबधारी अनामिका हुड्डा (आरएसपीबी) को अब तक की सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। मीनाक्षी अब सिक्किम की यासिका राय से भिड़ेंगी, जबकि अनामिका का सामना हरियाणा की तमन्ना से होगा। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है।

■ तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया



## सार संक्षेप

### जोशना, अनाहत स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। बॉम्बे जिमखाना के आउटडोर ग्लास कोर्ट पर जोशना चिनप्पा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे के खिलाफ पांच मैचों के कड़े मुकाबले में अपने अनुभव का जबरदस्त प्रदर्शन किया। पूर्व एशियाई चैंपियन जोशना ने 56 मिनट तक चले मुकाबले में सालुंखे को 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं दूसरी ओर, 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने मिस्र के नादियन एल्हममी के खिलाफ संयम का परिचय देते हुए 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और कड़े मुकाबले में 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से जीत हासिल की। इस बीच, पुरुषों के ड्रॉ में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशनराज चंद्रन को सीधे सेटों में (11-5, 11-8, 11-7) में हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। वीर चोटरानी हालांकि, मिस्र के करीम एल टॉर्की से 0-3 (4-11, 8-11, 5-11) से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।


### रिजर्व बैंक और कस्टम की आसान जीत

**नई दिल्ली।** पंकज नेगी के दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को 5-2 से हरा कर डीएसए सांस्थानिक लीग में बड़ी जीत के साथ शुरुआत की। वहीं एक अन्य मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने ईएसआईसी को 3-1 से हराया। विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आज यहां दिन के पहले मुकाबले में भारतीय रिजर्व बैंक के लिए पंकज नेगी ने दो, कृतेश हुड्डा,अभिषेक और के पी कबुई ने एक-एक गोल किये। मुकाबले के दौरान बैंक के गोलकीपर कुलदीप हुड्डा ने कई मौकों पर दर्शनीय बचाव किए। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम के लिए बिजेन्दर और लोकेश ने एक-एक गोल दागे। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने महिप अधिकारी, सायक और कृष्णा के गोलों से ई एस आई सी पर 3-1 की जीत के साथ अभियान शुरू किया। पराजित टीम की ओर से पवन जोशी ने गोल दागा।

### प्रदीप जून और साहिस्ता ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता बुधवार को प्रदीप जून और साहिस्ता ने स्वर्ण पदक जीते। केआईपीजी 2025 के सातवें दिन आज हरियाणा के प्रदीप जून ने 107 प्लस किलोग्राम वर्ग में 194 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। आज पदक तालिका के अनुसार हरियाणा 31 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पर था। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश क्रमशः 26 और 22 पदकों के साथ दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर थे।

# आईपीएल 2025 : 15 खिलाड़ियों ने लगाई हॉफ सेंचुरी



■ इनमें आठ भारतीय बल्लेबाज, सात विदेशी खिलाड़ी भी शामिल

आइपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में गेंदबाजों पर कहर बन कर टूट रहे हैं बल्लेबाज। एक दो मैच को छोड़ दिया जाए तो सारे मैच हाई स्कोरिंग रहे हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक अलग-अलग टीमों से कुल 15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई। इसमें 8 भारतीय बल्लेबाज हैं, तो वहीं 7 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और संजू सैमसन, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर, गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे, दिल्ली कैपिटल्स के लिए आशुतोष शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ हैं। चलिए विस्तार से जानते हैं इन खिलाड़ियों के बारे में। राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपने पहले मैच में ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हाफ सेंचुरी लगाई थी। इस टूर्नामेंट में ध्रुव जुरेल ने 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 97 रनों की शानदार पारी खेली। इस टूर्नामेंट में उन्होंने इसी के साथ अपनी पहली हाफ सेंचुरी भी लगाई। 2 मैच में क्विंटन डी कॉक के नाम कुल 101 रन है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी जड़ी। उनके नाम 97 रनों का सर्वाधिक स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स के लिए संजू सैमसन ने हाफ सेंचुरी जड़ी है। 2 मैच में उनके नाम 79 रन हैं। सर्वाधिक स्कोर 66 रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने अपने पहले मैच में दिल्ली के खिलाफ शानदार 75 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रनों की शानदार पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में पहली हाफ सेंचुरी लगाई।

## क्लब विश्वकप जीतने वाली टीम को मिलेंगे 10.70 अरब रुपए : फीफा

**जिनेवा,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा इस वर्ष जून-जुलाई में होने वाले पहले क्लब विश्वकप के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है जिसमें से टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रूपये मिलेंगे। फीफा ने बताया कि इस वर्ष 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित पहले फीफा क्लब विश्वकप में 32 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि दिये जाने की घोषणा की है। इस राशि में से चैंपियन बनने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रुपये मिलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। जिसमें विजेता टीम के लिए संभावित पुरस्कार राशि 10.70 अरब रूपये है।

# [ अर्थ जगत

## कैंसर, हार्ट और डायबिटीज की दवाई होंगी महंगी

नई दिल्ली। इस फैसले को लेकर केंद्र सरकार का दावा है कि इस कदम से सालाना तौर पर मरीजों की लगभग 3,788 करोड़ रुपये की बचत होती है। हालांकि सरकार अब ऐसा फैसला लेने जा रही है जिससे मरीजों की परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। सरकार के नियंत्रण वाली कुछ दवाइयों की कीमत में इजाफा हो सकता है। सरकार दवाइयों की कीमतों को काबू में रखने के लिए कई कदम उठाती रहती है। समय समय पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की बदौलत ही लोगों को कम कीमत पर दवाईयां उपलब्ध हो पाती है।



# खाने-पीने की वस्तु सस्ते होने के संकेत : वित्त मंत्रालय रिपोर्ट



*नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पेश करते हुए कहा कि खाद्य महंगाई में गिरावट दर्ज की जा रही है। सर्दियों में सब्जियों की कीमतों में आई नरमी और दालों की कीमतों में लगातार गिरावट इसके प्रमुख कारण हैं। मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 2025 में अनाज की महंगाई दर घटकर 6.1 प्रतिशत तक आ सकती है।*

### अनाज उत्पादन में सुधार के संकेत

**खरीफ चावल उत्पादन** - 6.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान

**गेहूं उत्पादन** - रिकॉर्ड 1154.3 लाख टन, 1.9 प्रतिशत वृद्धि

**दालों में उत्पादन वृद्धि** - अरहर (2.8 प्रतिशत), चना (4.5 प्रतिशत) बढ़ने की उम्मीद

**खरीफ तिलहन उत्पादन** - 14.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान

**वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, निवेश प्रभावित**– वित्त मंत्रालय ने टैरिफ से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों को लेकर चिंता जताई है, जिससे भारत समेत कई देशों के लिए व्यापार जोखिम बढ़ गए हैं। इसके चलते वैश्विक स्तर पर निवेश और व्यापार प्रवाह प्रभावित हो रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अब तक भारत के निर्यात की गति सुस्त रही है।

**खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट, दालों के दाम घटे**– वित्त मंत्री के अनुसार, 32 महीनों में पहली बार दालों की महंगाई दर नकारात्मक क्षेत्र में पहुंच गई है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2025 में टमाटर का औसत खुदरा मूल्य 21.3 रुपए/किग्रा, प्याज 35.9 रुपए/किग्रा और आलू 24.1 रुपए/किग्रा रहने का अनुमान है। हालांकि, खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे निकट भविष्य में जोखिम बना रह सकता है।

**खरीफ और रबी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन अनुमान**– खाद्य महंगाई में नरमी के कारण फरवरी 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.6प्रतिशत रह गई। हालांकि, खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंता का विषय बनी हुई हैं।

## रिजर्व बैंक अप्रैल में रेपो दर में कर सकता है एक-चौथाई प्रतिशत की कटौती- इंडिया रेटिंग्स

साख तय करने वाली और शोध एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति आर्थिक वृद्धि को गति देने के इरादे से अगले महीने अपनी समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति घटकर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति में कुल मिलाकर 0.75 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि, अगर अमेरिका के जवाबी शुल्क का प्रभाव अपेक्षा से अधिक हुआ, तो ऐसे में आरबीआई मौद्रिक नीति के मोर्चे पर अधिक ढील दे सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले वित्त वर्ष 2025-26 में छह बैठकें होगी। पहली बैठक सात से नौ अप्रैल को होनी है।

# बीआईएस ने की अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी

## घटिया गीजर और फूड मिक्सर समेत कई उत्पाद जब्त




*नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो ने यहां अमेजन तथा फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी की और ऐसे हजारों उत्पादों को जब्त जिनका उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं था। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।*

आधिकारिक बयान के अनुसार, मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे की कार्रवाई में बीआईएस अधिकारियों ने गीजर तथा फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए, जिनकी कीमत करीब 70 लाख रुपए है। इसमें में कहा गया, फ्लिपकार्ट की अनुषंगी कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज के गोदाम में भी छापेमारी की गई। वहां से 590 जोड़ी 'स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए जिन पर आवश्यक विनिर्माण चिह्न नहीं थे। इनकी कीमत करीब छह लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए बीआईएस द्वारा चलाए जा रहे व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पिछले महीने दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर सहित कई स्थानों पर इसी तरह की छापेमारी की गई थी। बयान में कहा गया कि ये छापे उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने और उत्पाद गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

वर्तमान में, 769 उत्पाद श्रेणियों को भारतीय विनियामकों से अनिवार्य प्रमाणन की आवश्यकता है। उचित लाइसेंस के बिना इन वस्तुओं को बेचने या वितरित करने पर कानूनी दंड लग सकता है, जिसमें 2016 के बीआईएस अधिनियम के तहत संभावित कारावास तथा जुर्माना भी शामिल है। अमेजन और फ्लिपकार्ट ने अभी तक इन छापेमारी पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# भारत का इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल बाजार सालाना 1 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया

*नई दिल्ली। भारत का इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल बाजार, जिसमें बैटरी से चलने वाली कारें और एसयूवी शामिल हैं, ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के समाप्त होने में एक सप्ताह बचने के बावजूद, इस बाजार ने 1 लाख यूनिट्स की वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है।*



यह उपलब्धि भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन की बढ़ती मांग और सरकार की नीतियों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईवी क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता और समर्थन से आने वाले वर्षों में इस बाजार में और भी तेजी देखने को मिल सकती है। इस सफलता को देखते हुए, प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां अब ईवी के उत्पादन और बिक्री में और अधिक निवेश करने की योजना बना रही हैं, जिससे यह क्षेत्र और भी विस्तार करेगा।

# 31 मार्च तक खुले रहेंगे आयकर विभाग के दफ्तर

*नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 के समापन में कुछ ही दिन बचे हैं और आयकर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए एक अहम फैसला लिया है। 29 से 31 मार्च तक देशभर में आयकर विभाग के सभी कार्यालय खुले रहेंगे, भले ही ये दिन वीकेंड और ईद-उल-फितरकी छुट्टियों के दौरान पड़ रहे हों।*

**सीबीडीटी का आदेश**– केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने के लिए 29, 30 और 31 मार्च 2025 को पूरे भारत में आयकर कार्यालय कार्यरत रहेंगे। 31 मार्च वित्त वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण, सरकारी भुगतान और




### बैंकों को भी जारी हुआ ये निर्देश

टैक्स निपटान उसी दिन तक पूरे करने होंगे। इसके अलावा, 2023-24 के लिए अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि भी 31 मार्च ही है।

**बैंकों को भी निर्देश जारी**– भारतीय रिजर्व बैंक ने भी करदाताओं की सुविधा के लिए सरकारी लेन-देन करने वाले बैंकों को 31 मार्च को खुले रहने के निर्देश दिए हैं। आरबीआई ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सरकारी भुगतानों और प्राप्तियों की समय पर प्रोसेसिंग के लिए विशेष समाशोधन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में बढ़ोतरी

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह 21.26 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। एडवांस टैक्स कलेक्शन भी 14.62 प्रतिशत बढ़कर 10.44 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.11 लाख करोड़ रुपए था। इस वित्त वर्ष के लिए एडवांस टैक्स भुगतान की अंतिम किस्त 15 मार्च 2025 तक जमा करनी थी।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85.78 |
| एक यूरो | 92.23 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111.40 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.04 |
| एक जापानी येन | 0.56 |

### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-112 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 90800 चांदी -102400

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 90800 चांदी -102400

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# 7 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में आ सकती है भारी गिरावट

*नई दिल्ली। ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण जनवरी-मार्च की अवधि में सात प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 28 प्रतिशत घटकर 93,280 इकाई रह जाने का अनुमान है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट एनारॉक ने अपने ताजा अनुमान में यह बात कही है।*

खबर के मुताबिक, एनारॉक ने कहा कि आवासीय कीमतों में आसमान छूती तेजी और भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं ने 2025 की पहली तिमाही में भारतीय आवास बाजार की तेजी को धीमा कर दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2025 में कुल घरों की बिक्री 93,280 यूनिट रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,30,170 यूनिट से 28 प्रतिशत कम है।



### 28 प्रतिशत लुढ़कने का अनुमान

दिल्ली-एनसीआर में बिक्री में 20 प्रतिशत घटने का अनुमान खबर के मुताबिक, सात प्रमुख शहरों में से, दिल्ली-एनसीआर में बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है, जो 15,650 यूनिट से घटकर 12,520 यूनिट रह जाएगी। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 42,920 यूनिट से 26 प्रतिशत घटकर 31,610 यूनिट रह जाने का अनुमान है। बेंगलुरू में आवास की बिक्री 17,790 यूनिट से 16 प्रतिशत घटकर 15,000 यूनिट रह जाने का अनुमान है। पुणे में बिक्री 22,990 यूनिट से 30 प्रतिशत घटकर 16,100 यूनिट रह सकती है। हैदराबाद में आवास की बिक्री 19,660 यूनिट से 49 प्रतिशत घटकर 10,100 यूनिट रह जाने का अनुमान है। चेन्नई में बिक्री 5,510 इकाइयों से 26 प्रतिशत घटकर 4,050 यूनिट रह जाने का अनुमान है।

# बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ बाजार

*मुम्बई। बुधवार की भारी गिरावट के बाद आज भारतीय शेयर बाजार में मामूली रिकवरी देखने को मिली। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंकों (0.41 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 77,606.43 अंकों पर बंद हुआ। जबकि एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 114.90 अंकों की बढ़त लेकर 23,601.75 अंकों पर बंद हुआ।*

**टाटा मोटर्स के शेयरों में भयानक गिरावट**– गुरुवार को सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 10 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की 50 में से 38 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 12 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे ज्यादा 2.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा 5.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

**एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक के शेयरों में भी दर्ज की गई तेजी**– इनके अलावा, आज एनटीपीसी के शेयर 2.78 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 2.75 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो 2.10 प्रतिशत,



बजाज फाइनेंस 1.44 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.40 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 1.26 प्रतिशत, टाइटन 1.20 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 0.95 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.94 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.81 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.68 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर सनफार्मा के शेयर आज 1.41 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.06 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.95 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.71 प्रतिशत, टाटा स्टील 0.58 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# भारत चाय निर्यात में बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक

*नई दिल्ली। भारत ने श्रीलंका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बनने की उपलब्धि हासिल की है। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत ने 255 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात किया है। हालांकि केन्या ने अपने शीर्ष स्थान को बनाए रखा है।*

**2024 में भारत का चाय निर्यात**– भारत का चाय निर्यात 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गया जो पिछले 10 वर्षों में सबसे उच्चतम स्तर है। यह 2023 के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है जब भारत ने 231.69 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात की थी।

**बढ़ी हुई चाय निर्यात से आय**– 2024 में चाय निर्यात से भारत की आय 7,111 करोड़ रुपये रही जो 2023 में 6,161 करोड़ रुपये थी। इस बढ़ोतरी का एक प्रमुख कारण इराक जैसे देशों को चाय निर्यात में भारी वृद्धि रही जो भारत के चाय निर्यात का 20 प्रतिशत हिस्सा है। व्यापारियों का अनुमान है कि इस वित्त वर्ष में पश्चिम एशियाई देशों को 40-50 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात की जाएगी।

25 से अधिक देशों को चाय निर्यात

भारत अब 25 से अधिक देशों को चाय निर्यात करता है जिनमें यूएई, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और यूके प्रमुख बाजार हैं। भारतीय निर्यातक जिन्होंने श्रीलंका के घटते उत्पादन के कारण पश्चिम एशिया के बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत की उन्होंने इन बाजारों में निर्यात बनाए रखा है।



**भारत का चाय उद्योग**– भारत दुनिया के प्रमुख चाय निर्यातकों में से एक है और वैश्विक चाय निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी की चाय को दुनिया की सबसे बेहतरीन चायों में गिना जाता है। भारतीय चाय का अधिकांश हिस्सा ब्लैक टी के रूप में निर्यात होता है जो कुल निर्यात का लगभग 96 प्रतिशत बनाता है। इसके अलावा ग्रीन टी, हर्बल चाय, मसाला चाय और नींबू चाय भी निर्यात की जाती हैं।

**चाय उत्पादन क्षेत्र**– भारत के चाय उत्पादक क्षेत्र में असम घाटी, कछार और पश्चिम बंगाल के दोआर्स, तराई और दार्जिलिंग प्रमुख हैं। दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक जैसे राज्य भी महत्वपूर्ण चाय उत्पादक हैं जिनका कुल उत्पादन में 17 प्रतिशत योगदान है।

**छोटे चाय उत्पादकों का योगदान**– भारत के छोटे चाय उत्पादक भी चाय उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और वे कुल उत्पादन का लगभग 52 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करते हैं। वर्तमान में लगभग 2.30 लाख छोटे चाय उत्पादक इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारतीय सरकार ने चाय उत्पादकों की सहायता के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं जैसे स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन और मिनी चाय फैक्ट्रियां।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का 72 दिनों में होगा विनष्टीकरण

## सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में पेश की गयी जानकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने का ट्रायल पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में किया गया। ट्रायल तीन चरणों में किया गया, जो सफल रहा। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार आगामी 72 दिनों में जहरीले कचरे का विनष्टीकरण किया जाये। जहरीले कचरे को 270 किलो प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जायेगा।

भोपाल निवासी आलोक प्रभाव सिंह द्वारा साल 2004 में दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि भोपाल गैस त्रासदी के दौरान यूनियन कार्बाइड कंपनी से हुए जहरीले गैस रिसाव में लगभग 4 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन जहरीले कचरा पड़ा है। याचिका में जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई स्वत: संज्ञान लेकर कर रहा है।

*याचिका पर गुरूवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि तीनों ट्रायल सफल रही। तीनों चरण में दस-दस मीट्रिक टन कचरा जलाया गया। ट्रायल के तौर पर कचरे को 27 फरवरी को पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया गया। दूसरे चरण में 4 मार्च को 180 किलो कचरा प्रति घंटा कचरा जलाया गया। तीसरे व अंतिम चरण में 10 मार्च को 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया। तीनों ट्रायल की रिपोर्ट सही पाई गई है। इंटर विनर की तरफ से बताया गया कि 300 मीट्रिक टन कचरा चलाये जाने पर समस्या तीन गुना बढ़ सकती है। सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 300 मीट्रिक टन कचरा जलने पर 900 मीट्रिक टन राख निकलेगी, जिसके लैंडफिल में डाला जायेगा। जिसके कारण प्रदूषण में बढ़ोतरी होगी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन तथा सरकार महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पैरवी की।*

# छापा सात दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित

***जबलपुर, देशबन्धु।*** *कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन जबलपुर के औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले में औषधि दुकानों की लगातार जाँच की जा रही है। इस दौरान खांसी सिरप, दर्द निवारक जेल, बुखार हेतु उपयोग होने वाले पेरासिटामोल सिरप आदि दवाओं के नमूनों का संग्रहण किया जा रहा है तथा जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहे है।*

## इन दवा दुकानों पर कार्रवाई

उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार औषधि निरीक्षक शरद जैन द्वारा मेसर्स कृष्णा मेडिकोज कृषि उपज मंडी के सामने जबलपुर का निरीक्षण नवम्बर में किया गया था। निरीक्षण के समय दुकान के संचालन में अनियमितायें पाई गई थी। जिसमें दुकान में औषधि अनुज्ञप्तिया उपयुक्त स्थान पर प्रदर्शित नहीं पाया जाना, फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाया जाना, अवसान तिथि बीत चुकी दवाओं का संग्रहण किया जाना पाया गया, क्रय विक्रय दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये। इन अनियमितताओं के आधार पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था जिसका जबाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर फर्म का लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किया गया है। निरीक्षण के दौरान पाई गयी कमियों के ही आधार पर मेसर्स आयुष्मान मेडिकल स्टोर्स आयुष्मान अस्पताल खितोला रोड सिहोरा का लाइसेंस तीन दिवस के लिए तथा मेसर्स प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राइट टाउन स्टेडियम मार्केट जबलपुर का लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स साई आस्था मेडिकल, राँझी का औषधि निरीक्षक प्रवीण पटेल द्वारा किये गये निरीक्षण में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अनुपस्थिति, रिटेल औषधि अनुज्ञप्तियाँ दुकान में प्रदर्शित नहीं होना, निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध नहीं होना, अवसान तिथि बीत चुकी औषधि ट्रेड स्टॉक के साथ संग्रहीत पाये जाने जैसी अनियमितताओं के कारण फर्म का लाइसेंस सात दिवस के लिए निलंबित किया गया है। मेसर्स प्रभात मेडिकल स्टोर्स, राँझी का लाइसेंस तीन दिवस के लिए, मेसर्स प्रेम नगर मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर्स शॉप नम्बर 2 और 3 गौर तिराहा सालीवाडा का लाइसेंस तीन दिवस के लिए एवं मेसर्स एस एण्ड एस मेडिकोज शॉप नम्बर 104 पुलिस थाना के पास शिवाजी वार्ड पनागर का लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

## क्रय-विक्रय को अवैधानिक

निलंबन आदेश के पश्चात अनावेदक द्वारा औषधि के क्रय अथवा विक्रय को पूर्णत: अवैधानिक माना जायेगा एवं यह कृत्य प्रशासनिक अथवा न्यायालयीन कार्यवाही किये जाने योग्य होगा, साथ ही फर्म के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जाकी मेडिकोज पनागर, श्री राम मेडिकल स्टोर्स पडवार, माँ मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स कुंडम, मेडिनीड मेडिकल स्टोर के निरीक्षण के बाद कमियां पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा कि क्यों न उनका स्वीकृत ड्रग लायसेंस निलंबित या निरस्त कर दिया जाये।

## डाउन दिशा की ओएचई लाइन, टूटने से दर्जनों ट्रेनें प्रभावित रही

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के इटारसी गुर्रा के बीच ओएचई ओवरहेड विद्युत लाइन के अचानक टूट जाने से इटारसी जबलपुर के बीच डाउन दिशा की कई ट्रेनें प्रभावित रहीं और अपने निर्धारित समय से लगभग 5 घंटे विलंब से जबलपुर पहुंची। अचानक हुई इस घटना के कारण सैकड़ों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।


सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार 3 बजे इटारसी गुर्रा के बीच डाउन दिशा की ओएचई लाइन अचानक टूट गई।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 108
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 112
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 84
मो.-9039925000, 9425800409

23 वां रोजा
10.03.2025

| सहरी | अफ्तार |
|---|---|
| 04.38 | 06.28 |




FOR PRIVATE SCREENING CALL
+91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM
BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING
0761-4069889
4069889
समदड़िया सिनेमा
ADVANCE TICKET OPEN FOR SIKANDAR MOVIE



| CHHAAVA | L2: EMPURAAN | THE DIPLOMAT | SNOW WHITE |
|---|---|---|---|
| 10:15AM | HINDI 10:00AM | 10:30AM | 10:30AM |
| 12:30PM | 01:15PM | 04:00PM | |
| 02:00PM | 04:30PM | 06:30PM | |
| 03:30PM | 07:00PM | | PINTU KI PAPPI |
| 05:00PM | 10:15PM | | 01:15PM |
| 08:00PM | MALAYALAM 08:00PM | | |
| 10:45PM | 09:00PM | | |





FARNAZ

श्रमिकों को संबल दे रही
मध्यप्रदेश सरकार
मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
द्वारा
23 हजार 162 परिवारों को
₹ 505 करोड़ की अनुग्रह राशि का
अंतरण
28 मार्च, 2025 | दोपहर 2:30 बजे
मंत्रालय, भोपाल


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

संबल योजना में
गिग वर्कर्स भी शामिल

- संबल योजना में 1 करोड़ 74 लाख से अधिक श्रमिक भाई-बहन पंजीयन करा चुके हैं।
- अब तक कुल 6 लाख 58 हजार से अधिक प्रकरणों में राशि ₹5927 करोड़ से अधिक का हितलाभ वितरण किया गया है।
- पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर ₹2 लाख, दुर्घटना मृत्यु पर ₹4 लाख की अनुग्रह सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक की स्थायी अपंगता पर ₹2 लाख, आंशिक स्थाई अपंगता पर ₹1 लाख की सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर ₹5 हजार की अंत्येष्टी सहायता।
- सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम् योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है।
- संबल हितग्राहियों को रियायती दरों पर राशन की सुविधा।
- संबल हितग्राहियों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत महाविद्यालय (मेडिकल, विधि, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक आदि) में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।
- पंजीकृत महिला श्रमिक व पुरुष श्रमिक की पत्नी को प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत कुल ₹16 हजार की राशि की सहायता।



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP D-11216/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025